हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 25 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 37.1 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

*कटिंग, वेल्डिंग का काम बंद, जरूरी काम के लिए चार से पांच हजार में लेना पड़ा रहा गैस सिलेंडर*

# एमएसएमई, मिनी स्टील प्लांट, रोलिंग मिल, स्पंज आयरन उद्योगों में गैस संकट, उत्पादन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

प्रदेशभर के एमएसएमई यानी लघु उद्योगों के साथ ही मिनी स्टील प्लांट, रोलिंग मिल और स्पंज आयरन का काम भी गैस सिलेंडर न मिलने से प्रभावित हो गया है। कटिंग के साथ वेल्डिंग का काम लगभग बंद कर दिया गया है। उत्पादन भी 30 फीसदी तक प्रभावित हो गया है। यदि आने वाले समय में सिलेंडर नहीं मिले, तो आधे से ज्यादा उत्पादन प्रभावित होगा और फिर उद्योग बंद भी करने पड़ सकते हैं। उद्योग बंद होने से जहां प्रदेश सरकार को भी राजस्व का नुकसान होगा, वहीं रोजगार पर भी असर पड़ेगा।

एलपीजी गैस सिलेंडरों को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। जहां एक तरफ घरेलू गैस सिलेंडरों को लेकर मारा मारी है, वहीं सबसे बड़ी परेशानी कमर्शियल गैस सिलेंडरों को लेकर हो रही है। हालांकि केंद्र सरकार ने राज्यों को अब 40 फीसदी तक सप्लाई करने का फैसला किया है, लेकिन इसके बाद भी कम से कम उद्योगों को सिलेंडर मिल ही नहीं रहे हैं।



### एक भी नहीं मिल रहा

मिनी स्टील प्लांट, रोलिंग मिलों को आज की तारीख में एक भी गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा है। ऐसे में कटिंग और वेल्डिंग का काम रोक दिया गया है। जो जरूरी है, वही काम कर रहे हैं। उत्पादन 25 फीसदी तक प्रभावित हो गया है।

**- मनीष धुप्पड़,** महासचिव, मिनी स्टील प्लांट

### उत्पादन प्रभावित

एमएसएमई के उद्योगों को भी सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। उद्योग विभाग के साथ बैठक करके समस्या का समाधान करने की मांग रखी गई है। उत्पादन प्रभावित हो रहा है। आने वाले समय में सरकार के राजस्व का भी नुकसान संभव है।

**- अश्विन गर्ग,** अध्यक्ष, उरला एसोसिएशन

### इन उद्योगों के लिए जरूरी


*एलपीजी गैस सिलेंडर की जरूरत लघु उद्योगों में इंजीनियरिंग का काम करने वालों को ज्यादा पड़ती है। इन उद्योगों से जुड़े लोगों का कहना है कि सही संख्या का बता पाना संभव नहीं है, उद्योगों के हिसाब से किसी को एक दिन में एक सिलेंडर लगता है तो किसी को उसके काम के हिसाब से पांच से दस सिलेंडर भी लग जाते हैं। इसी के साथ मिनी स्टील प्लांट और रोलिंग मिलों में सरिया बनाने के काम आने वाले बिलेट की कटिंग करने के लिए गैस सिलेंडर की जरूरत पड़ती है। मिनी स्टील प्लांट और रोलिंग मिल का कारोबार करने वालों के मुताबिक एक छोटे उद्योग को हर माह 15 से 25 सिलेंडरों की जरूरत पड़ती है। स्पंज आयरन उद्योग को भी गैस सिलेंडर लगते हैं। प्रदेश में 150 रोलिंग मिल, 120 मिनी स्टील प्लांट और 70 स्पंज आयरन उद्योगों के साथ भारी संख्या में एमएसएमई के उद्योग हैं। इनको सिलेंडर मिल ही नहीं पा रहे हैं।*

### ब्लैक में कीमत डबल से ज्यादा

*कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत प्रदेश में करीब 21 सौ रुपए है, सामान्य समय में उद्योगों को इसी कीमत पर जब भी जरूरत रहती है सिलेंडर मिल जाते थे। लेकिन अब सिलेंडर मिल ही नहीं रहे हैं। ब्लैक में जरूर आज भी सिलेंडर आसानी से मिल जा रहे हैं। इसके दाम चार से पांच हजार लिए जा रहे हैं। जिन उद्योगों को ज्यादा जरूरत है, उनको ब्लैक में लेना पड़ रहा है ताकि काम न रूके।*

---

## नवरात्रि विशेष



### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

### महिला से चेन स्नेचिंग मामले में केस दर्ज

**रायपुर।** टिकरापारा थाना क्षेत्र के रावतपुरा फेस-2 इलाके में एक महिला चेन स्नेचिंग की शिकार हो गई। घटना 23 मार्च की रात करीब पौने 10 बजे की है। प्रार्थिया रानू साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह घटना के समय पैदल सड़क पर टहल रही थी। इसी दौरान स्कूटी सवार अज्ञात व्यक्ति उसके करीब आया और उसके गले से सोने की लॉकेट लगी चेन खींचकर फरार हो गया। चेन की कीमत करीब 30 हजार रुपए है।

---

# दो लाख गाड़ियां रोज गुजर रहीं, जर्जर हो चुका पुल, 1 अप्रैल से मरम्मत, इसलिए रायपुर-दुर्ग का सफर होगा मुश्किल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रायपुर और दुर्ग को जोड़ने वाला कुम्हारी टोल प्लाजा के पास वर्षों पहले बना ओवरब्रिज बुरी तरह से जर्जर हो गया है। इस ब्रिज के दोनों तरफ लोहे की छड़, रेत और सीमेंट से बनी रैलिंग भी जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गई है, वहीं ब्रिज के छज्जे भी कहीं जर्जर, तो कहीं दरारें पड़ गई हैं। इसके अलावा ब्रिज की सड़क भी खराब हो चुकी है। सालों पुराने ब्रिज को अब मरम्मत की आवश्यकता है। मरम्मत का कार्य एक अप्रैल से शुरू होने जा रहा है। यह कार्य लगभग माहभर चलेगा। इस दौरान ब्रिज पर आवागमन ▶▶|शेष पेज 15 पर



### इन परिवर्तित मार्गों का कर सकते हैं उपयोग

रायपुर से दुर्ग जाने वाले वाहन चालकों में कार एवं बाइक चालक चंदनीडीह ग्राम से लेफ्ट होकर पुराना रपटा, पुल का प्रयोग कर कुम्हारी टोल तक जा सकेंगे। रायपुर से दुर्ग की ओर जाने वाले कार एवं दोपहिया वाहन चालक भटगांव से अमलेश्वर, मोतीपुर होकर भिलाई एवं दुर्ग जा सकेंगे। इससे रायपुर-दुर्ग मुख्य सड़क मार्ग पर गाड़ियों का दबाव कम होगा, जिससे जाम की स्थिति नहीं बनेगी।

### एक अप्रैल से बंद रहेगा ब्रिज, जाम की स्थिति बनने की संभावना

ब्रिज के मरम्मत का कार्य एक अप्रैल से शुरू होगा, जिसके कारण इस ब्रिज पर आवागमन पूरी तरह से बंद रहेगा। इस ब्रिज के बंद होने के कारण रायपुर से दुर्ग और दुर्ग से रायपुर की ओर आने वाली गाड़ियों का दबाव बढ़ने से कुम्हारी के पास रायपुर और दुर्ग की तरफ मुख्य सड़क पर जाम के हालात भी बन सकते हैं। जाम के हालात ना बने, इसे लेकर रायपुर और दुर्ग ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों से ब्रिज का निर्माण कार्य पूर्ण होने तक रायपुर-दुर्ग की मुख्य सड़क के अलावा परिवर्तित मार्ग का इस्तेमाल करने की अपील की है।

### बिना जाम में फंसे रायपुर आ पाएंगे वाहन चालक

*दुर्ग से रायपुर एयरपोर्ट, नया रायपुर, मंत्रालय, पुलिस मुख्यालय, आरंग, अभनपुर की ओर आने वाले वाहन चालक सेलूद,पाटन, अभनपुर मार्ग का उपयोग करेंगे। इसी प्रकार दुर्ग, भिलाई, रिसाली, उतई से रायपुर आने वाले वाहन चालक सेलूद, फूंडा, जामगांव, मोतीपुर, अमलेश्वर से होकर रायपुर आने वाले मार्ग का उपयोग कर सकेंगे। चरोदा, कुम्हारी, भिलाई-3 से रायपुर की ओर आने वाले वाहन चालक सिरसा गेट, मोतीपुर, अमलेश्वर से रायपुर मार्ग का उपयोग कर सकेंगे। कुम्हारी, अहिरवार से रायपुर आने वाले वाहन चालक कुम्हारी, उरला, खमरिया, अमलेश्वर मार्ग का उपयोग करेंगे। कुम्हारी टोल से रायपुर की ओर आने वाले वाहन चालक कुम्हारी टोल प्लाजा से चन्दनीडीह तक वन वे मार्ग का उपयोग कर सकते हैं। इस तरह दुर्ग से चलने वाले वाहन चालक बिना जाम में फंसे आसानी से परिवर्तित मार्ग से रायपुर पहुंच सकते हैं।*

---

## मेकाहारा से पुलिस कर्मियों को चकमा देकर सजायाफ्ता कैदी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के शासकीय भीमराव आंबेडकर अस्पताल से एक सजायाफ्ता कैदी पुलिस कर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया। आरोपी बिहार का रहने वाला है। कोर्ट ने उसे हत्या के मामले में आजीवन कारावास तथा 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई थी। जेल में उसकी तबीयत खराब हो गई, जिसके बाद जेल प्रशासन ने पुलिस कर्मियों की निगरानी में उसे मेकाहारा में इलाज के लिए भर्ती कराया था, जहां से मंगलवार को कैदी पुलिस कर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया। कैदी के फरार होने की घटना की जानकारी मिलते ही जेल प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। कैदी के फरार होने की रिपोर्ट जेल प्रशासन ने थाने में दर्ज कराई है। बताया गया कि फरार कैदी बिहार के जमुई थाना क्षेत्र का रहने वाला है। उसके फरार होने के बाद पुलिस ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मेकाहारा से फरार हुए कैदी का नाम साहेब कुमार ताती 26 वर्ष हरनारायणपुर थाना जुमई जिला जुमई बिहार है। उसके विरुद्ध गोबरा नवापारा थाना में धारा 103-1, 109 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज है। इस अपराध के लिए पंकज कुमार सिन्हा विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटीज) रायपुर ने उसे दोषी मानते हुए आजीवन कारावास, 10 वर्ष सश्रम कारावास तथा 6 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनायी थी। ▶▶|शेष पेज 15 पर

## खुला आसमान तो तेज हुई धूप, 40 डिग्री की ओर बढ़ रहा तापमान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मौसमी तंत्रिका के कमजोर पड़ने के बाद राज्य में 37-38 डिग्री की गर्मी पड़ने लगी है। मंगलवार को बादल छंटने के बाद धूप तेज होने लगी है। पिछले चौबीस घंटे में राजनांदगांव 38 डिग्री के साथ ज्यादा गर्म और रायपुर 37.1 के साथ दूसरे नंबर पर रहा। अगले चौबीस घंटे में दक्षिणी हिस्से में बूंदाबांदी होने की संभावना है, मगर इसका खास असर बढ़ती गर्मी पर होने की संभावना काफी कम है।

- नांदगांव ज्यादा गर्म, रायपुर दूसरे नंबर पर

बादल खुलने की वजह से आज शहर में धूप तेज होने का अहसास हुआ। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक पिछले चार-पांच दिन से मौसम में बदलाव की वजह से ठंडकता आ गई थी। इसके बाद धूप का निकलना तेज गर्मी का अहसास करा रहा है, मगर शहर का अधिकतम तापमान अभी ▶▶|शेष पेज 15 पर




---

### घटना के कुछ दिनों बाद मामला ठंडा पड़ा

# तीन सफाई कर्मियों की मौत के मामले में मानवाधिकार आयोग का नोटिस, मांगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप


अस्पताल के सीवरेज टैंक में दम घुटा तीन सफाई कर्मियों की मौत, हंगामा

राजधानी रायपुर के रामकृष्ण अस्पताल के सेप्टिक टैंक में तीन सफाई कर्मियों की मौत के मामले को अब राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी संज्ञान में लिया है। इस घटना को लेकर आयोग ने रायपुर पुलिस कमिश्नर को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर इस घटना की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। बताया जा रहा है कि इस रिपोर्ट में आयोग ने इस मामले में अब तक पुलिस द्वारा की गई जांच की मौजूदा स्थिति की जानकारी भी मांगी है। सूत्रों के अनुसार इस रिपोर्ट के आधार पर आयोग तय करेगा कि इस मामले में आगे क्या कदम उठाया जाना चाहिए। शहर के रामकृष्ण अस्पताल परिसर में 17 मार्च की रात करीब 8 बजे सेप्टिक टैंक की सफाई करने उतरे तीन सफाई कर्मियों की जहरीली गैस की चपेट में आने से मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों सहित सैकड़ों की संख्या में सफाई कर्मियों ने अस्पताल का घेराव ▶▶|शेष पेज 15 पर

### आयोग ने मामले को संज्ञान में लेकर जारी किया नोटिस

ठंडा पड़ चुके इस घटना की गंभीरता को देखते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने अब इस मामले अपने संज्ञान में लिया है। मृतकों के परिजनों ने आरोप लगाया था कि न अस्पताल प्रबंधन और निजी ठेकेदार ने मृतकों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए थे, जिसके कारण उनकी मौत हुई है। मानवाधिकार आयोग का मानना है कि यह घटना मानवाधिकार के गंभीर उल्लंघन का मामला है। आयोग ने इस सिलसिले में जिला मजिस्ट्रेट और रायपुर के पुलिस कमिश्नर को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर मामले की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, साथ ही रिपोर्ट में जांच की मौजूदा स्थिति बताने को कहा है।

# अब आया वन क्लिक सिंगल विंडो, 16 विभागों की 136 से अधिक सेवाएं एक साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार की ओर से एक नई सेवा शुरू की गई है। यह है वन क्लिक सिंगल विंडो एक एकीकृत डिजिटल पोर्टल है, जो निवेशकों को छत्तीसगढ़ में व्यवसाय स्थापित करने के लिए आवश्यक सभी अनुमतियां, मंजूरी, भूमि आवंटन और ऑनलाइन भुगतान की सुविधा एक ही जगह प्रदान करता है। यह प्रणाली 16 विभागों की 136 से अधिक सेवाओं को जोड़ती है, जिससे समय की बचत होती है, पारदर्शिता बढ़ती है और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलता है।

उद्योग विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वन क्लिक सिंगल विंडो के मूल विचार सरल है विभाग के साथ काम करने वाले सभी लोगों के लिए प्रक्रिया को आसान बनाना। चाहे आप एक स्थापित व्यवसाय हों, संभावित निवेशक हों, स्टार्टअप हों या निर्यातक हों, अब आपको सब कुछ एक ही स्थान पर मिलेगा। अनुमोदन के लिए वन क्लिक सिंगल विंडो से लेकर सब्सिडी कैलकुलेटर के साथ प्रोत्साहन का अनुमान लगाने तक, प्रक्रिया अब अधिक पारदर्शी और कुशल है। छत्तीसगढ़ के व्यापार को आसान बनाएं के व्यापक वादे के तहत, वनक्लिक राज्य का नया सिंगल-विंडो पोर्टल है जो व्यापारिक वातावरण में गति, सरलता और पारदर्शिता लाता है। अनुमोदन और मंजूरी से लेकर बिल भुगतान, भूमि आवंटन और अनुपालन तक - एक उद्यमी या निवेशक को जो कुछ भी चाहिए, वह अब सिर्फ एक क्लिक दूर है।

## प्रदेश का एकीकृत डिजिटल प्लेटफार्म

छत्तीसगढ़ सिंगल विंडो पोर्टल (एसडब्ल्यूपी) – वन क्लिक सीजी एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसे राज्य में व्यवसायों द्वारा आवश्यक सभी औद्योगिक स्वीकृतियां और मंजूरी प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह पर्यावरण, श्रम, उद्योग, ऊर्जा, जल संसाधन, शहरी प्रशासन और कानूनी माप विज्ञान सहित 16 प्रमुख विभागों की 136 से अधिक सेवाओं को एक साथ लाता है , जिससे उद्यमियों को कई कार्यालयों से संपर्क करने की आवश्यकता समाप्त हो जाती है।



## इस तरह होगा काम

यह पोर्टल स्थापना से पहले और स्थापना के बाद की सभी स्वीकृतियों को कवर करता है , जैसे कि स्थापना की अनुमति ), संचालन की अनुमति , भूमि आवंटन, भवन योजना की स्वीकृति, जल और विद्युत कनेक्शन, कारखाना लाइसेंस, श्रमिक पंजीकरण, वृक्ष पारगमन परमिट और अन्य वैधानिक एनओसी, सभी सेवाएं सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत निर्धारित समय-सीमा से जुड़ी हैं , जिससे पारदर्शिता और समयबद्ध निपटान सुनिश्चित होता है। एक ही डिजिटल इंटरफ़ेस के माध्यम से , उपयोगकर्ता सरकारी कार्यालयों में जाए बिना ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, दस्तावेज़ अपलोड कर सकते हैं, आवेदन की स्थिति देख सकते हैं, ई-चालान भुगतान कर सकते हैं और डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित अनुमोदन डाउनलोड कर सकते हैं। एक एस्केलेशन मैट्रिक्स स्वचालित रूप से विलंबित आवेदनों को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाता है, जिससे जवाबदेही को बढ़ावा मिलता है।

## खबर संक्षेप



### तहसीलदार की रिपोर्ट में भी मढ़ी के जंगल कटाई को बताया अनुचित

**रायपुर।** मढ़ी बंजारी क्षेत्र के घने जंगल में 18 एकड़ भूमि पर पेड़ काटे जाने के विरोध में कलेक्टर को ज्ञापन देने के बाद सीएसपीडीसीएल के अधिकारियों, तहसीलदार, पटवारी एवं सिलयारी चौकी प्रभारी मौके पर सीमांकन करने पहुंचे। तहसीलदार ने पंचनामा रिपोर्ट में कहा, ग्राम मढ़ी की केवल एक ही निस्तार भूमि बची है, जिसमें पहले से वृक्षारोपण किया गया है। ऐसे में जंगल के पेड़ों की कटाई उचित नहीं होगी। आमजन के हित में प्रस्तावित आवंटन को निरस्त किया जाए। राजेंद्र पप्पू बंजारे जिलाध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण ने कहा, तहसीलदार की रिपोर्ट खुद बता रही है कि जंगल काटना गलत है। कांग्रेस पार्टी पर्यावरण, किसानों और ग्रामीणों के हितों की रक्षा के लिए कटिबद्ध है। हम जनता के साथ मिलकर इस अन्याय के खिलाफ निर्णायक संघर्ष करेंगे।

### खल्लारी रोप-वे दुर्घटना : सीएम ने सहायता राशि की घोषणा की

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महासमुंद जिले के खल्लारी माता मंदिर में हाल ही में हुई रोप-वे दुर्घटना में प्रभावित परिवारों के लिए सहायता राशि की घोषणा की है। उन्होंने दिवंगत श्रद्धालु के परिजन को 5 लाख रुपए एवं घायलों को 50 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान करने का निर्णय लिया है, ताकि इस कठिन समय में उन्हें संबल मिल सके। मुख्यमंत्री साय ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा, राज्य सरकार इस दुःख की घड़ी में उनके साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और हरसंभव सहायता के लिए तत्पर है। मुख्यमंत्री ने कहा, घटना की विस्तृत जांच जारी है और दोषियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।



### एक सप्ताह में वार्ड अध्यक्ष और बूथ कमेटी का करें गठन

**रायपुर।** कांग्रेस भवन, गांधी मैदान में शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन सृजन को लेकर चर्चा की गई। रायपुर शहर के अंतर्गत आने वाले 70 वार्डों में वार्ड अध्यक्षों की नियुक्ति एवं बूथ कमेटियों के गठन पर विशेष जोर दिया गया। वरिष्ठ नेताओं को इसके लिए अलग अलग वार्डों का प्रभारी एवं सह-प्रभारी नियुक्त किया गया। सभी वार्ड प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि वे एक सप्ताह के भीतर अपने अपने वार्डों में जाकर सक्रिय कार्यकर्ताओं से चर्चा कर वार्ड अध्यक्ष के लिए नामों का चयन करें एवं बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाएं। शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, कांग्रेस पार्टी जमीनी स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। वार्ड एवं बूथ स्तर पर मजबूत संगठन ही पार्टी की असली ताकत है। सभी प्रभारियों एवं कार्यकर्ताओं से कहा, निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए संगठन विस्तार के कार्य को गंभीरता से पूर्ण करें।



## सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया आदेश

# छत्तीसगढ़ में राज्य प्रशासनिक सेवा के 448 अधिकारी बनेंगे 'कर्मयोगी', अनिवार्य रूप से लेनी होगी ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने राज्य प्रशासनिक सेवा (एसएएस) के अधिकारियों की कार्यक्षमता और दक्षता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश के अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर और उप कलेक्टर अब 'मिशन कर्मयोगी' के तहत आधुनिक प्रशासनिक गुर सीखेंगे। सरकार ने स्पष्ट किया है कि सभी अधिकारियों को इंटीग्रेटेड गवर्नमेंट ऑनलाइन ट्रेनिंग कर्मयोगी पोर्टल पर निर्धारित प्रशिक्षण कोर्स पूर्ण करना अनिवार्य होगा।

सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव द्वारा जारी आदेश के अनुसार, राज्य प्रशासनिक सेवा संवर्ग के समस्त अधिकारियों को अपने पद के अनुरूप निर्धारित सूची में से कम से कम 3 कोर्स अनिवार्य रूप से पूर्ण करने होंगे। इसके लिए 31 मार्च 2026 की समय-सीमा तय की गई है । प्रशिक्षण पूरा करने के बाद अधिकारियों को पोर्टल पर अपनी प्रविष्टि भी अपडेट करनी होगी।




खास खबर

### क्या है मिशन कर्मयोगी

केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए 'मिशन कर्मयोगी' का मुख्य उद्देश्य लोक सेवकों को अधिक रचनात्मक, पारदर्शी और तकनीक-अनुकूल बनाना है । छत्तीसगढ़ शासन का मानना है कि इस डिजिटल प्रशिक्षण से अधिकारियों की निर्णय लेने की क्षमता में सुधार होगा और वे सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन अधिक प्रभावी ढंग से कर सकेंगे।

### कौन से अधिकारी क्या सीखेंगे

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 'मिशन कर्मयोगी' के अंतर्गत अधिकारियों की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए उनके कार्यक्षेत्र के अनुसार विशिष्ट पाठ्यक्रमों का चयन किया गया है। अपर कलेक्टर अपर कलेक्टर स्तर के अधिकारियों के लिए राजस्व और कानून व्यवस्था से जुड़े जटिल विषयों को प्राथमिकता दी गई है। राजस्व कानून और प्रशासनः राज्य भू-राजस्व संहिता के तहत मामलों का अधिनिर्णय और राजस्व अमले के कार्यों की समीक्षा करना। कार्यकारी मजिस्ट्रेट के रूप में कानून व्यवस्था बनाए रखना और निवारक कार्रवाइयां सुनिश्चित करना । मतदाता सूची तैयार करने, मतदान केंद्रों के प्रबंधन और चुनाव संचालन की निगरानी का प्रशिक्षण । विकास कार्यक्रम निगरानी- जिला स्तर पर केंद्र और राज्य सरकार की विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना। लोक सेवा और शिकायत निवारणः जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविरों और शिकायत तंत्र की निगरानी करना । डिजास्टर मैनेजमेंट के तहत आपदा तैयारी, त्वरित प्रतिक्रिया और राहत कार्यों के प्रबंधन में कलेक्टर की सहायता करना।

### संयुक्त कलेक्टर ये सीखेंगे

संयुक्त कलेक्टरों के लिए निगरानी और डेटा प्रबंधन पर विशेष जोर दिया गया है। ग्रामीण विकास योजनाएं, मनरेगा अब वीबीरामजी और पीएम आवास योजना जैसी योजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी। सार्वजनिक वितरण प्रणाली, खाद्यान्न और आवश्यक वस्तुओं के आवंटन, उठाव और वितरण की व्यवस्था देखना। राजस्व प्रशासन (विशिष्ट): भूमि अधिग्रहण और बंदोबस्त कार्यों जैसे विशिष्ट राजस्व मामलों का संचालन करना । जांच एवं निरीक्षणः अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण और प्रशासनिक चूक या शिकायतों की जांच करना । डेटा-आधारित कार्यक्रम निगरानीः एमआईएस डेटा और डैशबोर्ड के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के प्रदर्शन को ट्रैक करना। बैठक और समिति प्रबंधन के तहत जिला स्तरीय समीक्षा बैठकों का आयोजन और लिए गए निर्णयों का अनुपालन सुनिश्चित करना।

### डिप्टी कलेक्टरों के लिए प्रशासनिक और न्यायालयीन कार्य

जमीनी स्तर पर कार्यरत उप कलेक्टरों के लिए प्रशासनिक और न्यायालयीन कार्यों का मिश्रण तैयार किया गया है। अनुविभागीय प्रशासनः एक उप-खंड के प्रशासनिक, राजस्व और कानून व्यवस्था कार्यों का समग्र प्रबंधन । राजस्व अधिनिर्णयः भूमि विवाद, नामांतरण और राजस्व संहिता से जुड़े मामलों की सुनवाई और फैसला करना । कार्यकारी मजिस्ट्रेट की शक्तियां- सार्वजनिक शांति बनाए रखने के लिए सीआरपीसी के तहत शक्तियों का प्रयोग करना । क्षेत्रीय स्तर पर योजना क्रियान्वयनः विभिन्न विभागों के साथ समन्वय कर सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करना। जनसंवाद और शिकायत निवारणः सीधे जनता से संवाद करना, उनकी शिकायतें सुनना और उनके तत्काल निराकरण के लिए कार्रवाई करना । चुनाव संचालन (एआरओ) विधानसभा और संसदीय चुनावों के दौरान सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाना।

### कलेक्टरों को दिए गए निर्देश

*शासन ने प्रदेश के सभी सचिवों, विभागाध्यक्षों और जिला कलेक्टरों को पत्र लिखकर निर्देशित किया है कि वे अपने अधीनस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों से समय-सीमा के भीतर यह कोर्स पूर्ण कराएं। इस अभियान की मॉनिटरिंग के लिए राज्य स्तर पर नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं।*

## रसोई गैस की किल्लत पर अनोखा प्रदर्शन, कांग्रेस ने तेलीबांधा तालाब में बहाए सिलेंडर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर शहर में गैस सिलेंडर की किल्लत और कालाबाजारी के विरोध में मंगलवार को कांग्रेस ने अनोखे अंदाज में प्रदर्शन किया। तेलीबांधा तालाब मे प्रतीकात्मक रूप से सिलेंडर बहाकर सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। बाद में उसे बाहर निकाला गया। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में पूर्व एमआईसी सदस्य अजीत कुकरेजा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

■ शहर अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन के नेतृत्व में प्रदर्शन

रसोई गैस को लेकर आम जनता को हो रही परेशानी को देखते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने शासन का ध्यान आकर्षित कराने अनूठा प्रदर्शन किया। प्रतीकात्मक रूप से तेलीबांधा तालाब में खाली गैस सिलेंडर का विसर्जन कर नारेबाजी की गई। शहर अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन का कहना है कि रसोई गैस की समस्या अब गरीब या अमीर तक सीमित नहीं रही, बल्कि हर वर्ग इससे प्रभावित हो रहा है। लोग घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी खाली हाथ लौट रहे हैं। यदि गैस की किल्लत और कालाबाजारी पर जल्द नियंत्रण नहीं किया गया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन के दौरान श्रीकुमार शंकर मेनन, सुजीत सिंह, अजीत कुकरेजा, अविनय दुबे, महेंद्र कुमार सेन, वेंकट कुमार, हीरेन्द्र देवांगन, जसमीत सिंह, राजू यादव, सुरेश बुधवानी, राधे नायक सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नशे पर नियंत्रण में केंद्र व राज्य सरकार विफल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आम आदमी पार्टी ने प्रदेश में तेजी से फैल रहे नशे के कारोबार, सीमा सुरक्षा में लापरवाही और छत्तीसगढ़ में अवैध अफीम की खेती को सरकार की नाकामी बताते हुए इस पर चिंता जाहिर की है। मंगलवार को आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में प्रदेश प्रवक्ता जयदीप खनूजा ने कहा, एजेंसियों के आंकड़ों के आधार पर देश में बढ़ते नशे के मामले वाकई गंभीर है।

ट्रांसपोर्ट विंग के प्रदेशाध्यक्ष पलविंदर सिंग ने कहा, देश में 2023 में ड्रग की बरामदगी लगभग 16,100 करोड़ और 2024 में लगभग 25,330 करोड़ रही। एक वर्ष में ही लगभग 55% वृद्धि हुई है। नई तस्करी प्रवृत्तियां देखने को मिली हैं। डार्कनेट के उपयोग में वृद्धि हुई है। जिन राज्य में आज भाजपा की सरकार है, वहां भी वे नशाखोरी रोक नहीं पा रहे हैं।

### प्रशासनिक मिलीभगत की हो जांच

प्रदेश सचिव अनुषा जोसेफ ने कहा, पंजाब में आम आदमी पार्टी की भगवंत मान सरकार ने 'युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान के तहत पिछले 2022 से निर्णायक कार्रवाई की है। इसमें 95,000 से अधिक तस्करों को गिरफ्तार किया गया, 772 करोड़ रुपए की अवैध संपत्ति जब्त की गई और 1100 से अधिक गिरोहों का भंडाफोड़ किया गया। इसके अलावा एंटी-ड्रोन सिस्टम जैसे उपायों ने सीमा पार तस्करी रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## हिमाचल में आर्थिक संकट कांग्रेस सरकार की नाकामी : चिमनानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी ने कहा, राहुल गांधी के 'नाकामी मॉडल' ने हिमाचल प्रदेश को वित्तीय संकट में डाल दिया है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए ऑब्जर्वर बनाया गया था।

हिमाचल प्रदेश में बड़ी-बड़ी घोषणा कर कांग्रेस पार्टी ने सत्ता तो हासिल कर ली, लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं कर पाई और सरकार की नाकामी के चलते हिमाचल प्रदेश में वित्तीय संकट की स्थिति निर्मित हो गई।

उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी को देश की अर्थव्यवस्था मजाक लगती है और कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के दौरान एक ऐसी घोषणा कर दी जो बजट देश के एक वर्ष के बजट से ज्यादा था, झूठ बोल कर सत्ता पाना यही कांग्रेस का चरित्र है। श्री चिमनानी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 2018 में झूठे वादों के सहारे सरकार बनाने वाली कांग्रेस पार्टी भी अपना कोई वादा पूरा नहीं कर पाई थी, उन्होंने कहा, जिस राज्य में भूपेश बघेल को चुनावी जिम्मेदारी दी जाती है उन राज्यों में कांग्रेस पार्टी मुंह की खाती है और बुरी तरह चुनाव में परास्त हुई है या फिर उन राज्यों में सरकार बनने के बाद वित्तीय संकट आ जाता है। कांग्रेस पार्टी का पूरे देश में केवल एक ही लक्ष्य है गांधी परिवार की चरण वंदना में प्रदेश की जनता की गाढ़ी कमाई को लुटाना।



## निगम, मंडल, आयोग की कुर्सी के लिए सालभर से इंतजार

**पहली सूची के बीते साल अप्रैल में आने के बाद से कई बार दूसरी सूची को लेकर चर्चा चली, पर सूची नहीं आई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

निगम, मंडल, आयोग और बोर्ड में बचे पदों के लिए भाजपा नेताओं को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। पहली सूची बीते साल अप्रैल में नवरात्रि के समय आई थी। पहले संभावना जताई जा रही थी कि दूसरी सूची भी जल्द आएगी, लेकिन सूची के लिए इंतजार लंबा होता गया और पूरा साल ही निकल गया। अब नए साल में तीसरा माह समाप्त होने वाला है, लेकिन दूसरी सूची का कहीं कोई पता नहीं है। वैसे दूसरी सूची के ज्यादातर पदों के लिए नामों पर मंथन होने की भी बात भी कई बार की गई, लेकिन अब तो भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बदल गए हैं। पर एक अच्छी बात यह है कि भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन बने हैं। ऐसे में अध्यक्ष के साथ नामों को लेकर संभवतः नए सिरे से मंथन की जरूरत नहीं पड़ेगी।



प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल के विस्तार और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई कार्यकारिणी के ऐलान के बाद अब जहां विधायकों की नजरें संसदीय सचिवों के पदों पर हैं, वहीं निगम, मंडल और आयोग में बचे पदों को लेकर भी भाजपा नेता इंतजार कर रहे हैं। बीते साल कई मौकों पर सूची के जारी किए जाने की बात सामने आई पर कोई सूची जारी नहीं हो सकी। बीच-बीच में एक-दो पदों को लेकर जरूर अलग से आदेश हुए हैं, लेकिन जो लंबी सूची बची है, वह अब तक फाइनल नहीं हो सकी है।

### इनमें नियुक्ति अभी बाकी

जिन निगम, मंडलों में अभी नियुक्ति बाकी है उनमें मार्कफेड, लघु वनोपज सहकारी संघ, मत्स्य महासंघ, हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ, सिंधी अकादमी और सहकारी संघ शामिल हैं। इसी के साथ चार शक्कर कारखानों में भी अध्यक्ष की नियुक्ति की जानी है। इसके अलावा रायपुर विकास प्राधिकरण, गृह निर्माण मंडल जैसे निगम, मंडलों में उपाध्यक्षों के साथ सदस्यों के पद भी खाली हैं। इनकी संख्या भी डेढ़ दर्जन से ज्यादा है। इनमें भी नियुक्ति को लेकर अब तक इंतजार हो रहा है। कुल मिलाकर करीब तीन दर्जन पदों पर भाजपा नेताओं को मौका मिलेगा।

## अगले माह से राजस्व पखवाड़ा, 45 दिनों में अविवादित मामलों का होगा निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजस्व विभाग लंबित मामलों के निपटारे के लिए अगले माह से राजस्व पखवाड़े का आयोजन करेगा। विभाग ने इसके लिए कार्ययोजना तैयार की है। राजस्व पखवाड़ा चलाने के लिए सभी कलेक्टर को विभाग ने पत्र जारी किया है। प्रदेश के प्रत्येक जिले के गांवों में विशेष कार्यक्रम होंगे। इसमें नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन जैसे लंबित मामलों को मौके पर ही सुलझाया जाएगा।

अविवादित नामांतरण के मामलों को हर हाल में 45 दिनों के भीतर निराकृत करना अनिवार्य है। राजस्व न्यायालय पोर्टल के जरिए अब सीधे सचिव कार्यालय से देखा जा सकेगा कि किस तहसीलदार या पटवारी के पास फाइल 15 दिनों से अधिक समय से रुकी है। छत्तीसगढ़ में जमीन-जायदाद से जुड़े मामलों के निराकरण के लिए राजस्व विभाग ने तेजी लाने के निर्देश दिए है। प्रदेश के विभिन्न राजस्व न्यायालयों में वर्तमान में 1.15 लाख से अधिक मामले लंबित हैं। इनमें अविवादित नामांतरण और सीमांकन के मामले सबसे अधिक हैं। लंबित मामलो को लेकर सभी कलेक्टरों और तहसीलदारों से कहा गया है कि आम जनता को दफ्तरों के चक्कर कटवाना बंद करें, अन्यथा सीधे तौर पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।




### लंबित मामलों का बोझ कम करने का उद्देश्य


राजस्व न्यायालयों और तहसील कार्यालयों में लंबित मामलों के बोझ को कम करना इसका प्रमुख उद्देश्य है। गांवों में ही शिविर लगने से किसानों और ग्रामीणों को अपने छोटे-छोटे कार्यों के लिए शहर आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बताया गया है कि रायपुर समेत सभी बड़े जिलों में लंबित मामलों की संख्या अधिक है।

## गंभीर मरीजों के इलाज में होते हैं दक्ष, आईसीयू सेवा की गुणवत्ता सुधारने पर जोर

# जिला अस्पतालों आईसीयू की योजना पर क्रिटिकल केयर विशेषज्ञों की सेवाएं अभी आयुष्मान से दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गंभीर मरीजों को तत्काल उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने जिला अस्पतालों में आईसीयू प्रारंभ करने की योजना है। यहां इलाज में दक्ष क्रिटिकल केयर विशेषज्ञों की सेवाओं को आयुष्मान योजना में शामिल नहीं किया गया है। आईसीयू सेवा की गुणवत्ता सुधारने के लिए इन डाक्टरों की विशेषज्ञता को पर्याप्त स्थान देने की मांग जोर पकड़ रही है।




प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनाओं के तहत की सुपरस्पेशलिटी सेवाओं को आयुष्मान स्वास्थ्य योजना में शामिल किया गया है, मगर क्रिटिकल केयर मेडिसिन सेवा को इसमें स्थान नहीं दिया गया है। डीएनबी अथवा डीएम की पढ़ाई करने वाले यह डाक्टर आईसीयू में गंभीर मरीजों की जिम्मेदारी संभालते हैं। गंभीर मरीजों के उपचार की सुविधाओं के लिए सभी जिला अस्पतालों में भी आईसीयू सुविधा प्रारंभ करने की योजना है जो क्रिटिकल केयर विशेषज्ञता को आयुष्मान स्वास्थ्य योजना में शामिल नहीं किए जाने की वजह से प्रभावित हो सकती है। इस मामले में छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन (सीजीडीएफ) ने आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि आईसीयू एवं क्रिटिकल केयर पैकेज में विशेषज्ञों को शामिल किया जाए, एम्पैनलमेंट और प्रतिपूर्तिनीति में संशोधन किया जाए, अस्पतालों में फुल-टाइम इंटेंसिविस्ट की नियुक्ति को बढ़ावा दिया जाए।

### इनका है कहना

सीजीडीएफ के अध्यक्ष डा. हीरा सिंह लोधी के मुताबिक क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ आईसीयू में जीवनरक्षक उपचार के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित होते हैं। उपाध्यक्ष डा. ए. प्रशांत ने कहा कि विशेषज्ञों की भागीदारी से मरीजों की रिकवरी दर बेहतर होती है और अस्पताल में भर्ती रहने की अवधि भी कम होती है, जिससे स्वास्थ्य प्रणाली पर भार कम पड़ता है। जूनियर डाक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. रेशम ने कहा कि पीएमजेवाय योजना में क्रिटिकल केयर मेडिसिन विशेषज्ञों को औपचारिक रूप से मान्यता नहीं दी गई है। इससे आईसीयू प्रबंधन में व्यावहारिक कठिनाइयां सामने आती हैं। वर्तमान में शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर में क्रिटिकल केयर यूनिट में अति गंभीर मरीजों को उपचार की सुविधाएं दी जाती है। कोरोना महामारी के दौरान इसकी आवश्यकता महसूस हुई थी जिसके बाद तमाम शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में इसे प्रारंभ करने की योजना बनाई गई थी।

## खबर संक्षेप



### रामनवमी पर रायपुर में गूंजेगा योग और संस्कार का संदेश

**रायपुर।** पतंजलि योग परिवार, जिला रायपुर द्वारा श्रीराम नवमी एवं योग ऋषि परम पूज्य स्वामी रामदेव महाराज के संन्यास दीक्षा दिवस के पावन अवसर पर 27 मार्च को प्रातः 10 से 12 बजे तक गायत्री मंदिर परिसर अभनपुर में भव्य दीक्षारोहन समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर वैदिक यज्ञ, योग साधना, सहयोग शिक्षक दीक्षारोहन एवं योग प्रमाण पत्र वितरण किया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी की गई है। आयोजकों ने समस्त योग साधक अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की बनाएंगे।

### रामनवमी पर शोभायात्रा 26 को निकलेगी

**अभनपुर।** कट्टर हिन्दु, श्रीराम सेवा संगठन परिवार खोरपा भटगांव के तत्ववधान में श्रीरामनवमी के उपलक्ष्य में 26 मार्च को भव्य शोभायात्रा का आयोजन रखा गया है। आयोजक समिति ने बताया कि शोभायात्रा में डीजे धुमाल, गोरिल्ला ग्रुप, आतिशबाजी के साथ कांतारा थीम व श्रीराम दरबार भव्य झांकी मुख्य आकर्षण रहेगा। समिति ने क्षेत्र के सनातनी बंधुओं से शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की है।

### भारी वाहन व ओवर लोडिंग वाहन से ग्रामीण परेशान



**सिलयारी।** दिन प्रतिदिन बढ़ रही है सड़क हादसा देवरी से सारागांव मार्ग पर ग्राम कुकेरा मोड़ के पास दीपका माइंस से ट्रेलर में ओवर लोड कोयला लेकर मलौद स्थिति विमला देवी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लिमिटेड संचालित है जाहां रोजाना सैकड़ों भारी वाहनों का आवागमन लगा रहता है। यह मार्ग रियासी क्षेत्र होने से ओवर लोड गाड़ियों से ग्रामीणों पर खतरा बना रहता है। रविवार दोपहर को कुकेरा गांव के आगे अनियंत्रित होकर ट्रेलर गाड़ी क्रमांक सीजी 10 जेड 3120 पलटी एक ग्रामीण बाल बाल बचे। जिससे यह लगता है की जब तक कोई बड़ा दुर्घटना नहीं घटती है तब तक शासन प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं देते है।

### महामाया मंदिर लखौली में 22 ज्योति प्रज्वलित



**आरंग।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर ग्राम लखौली स्थित महामाया मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। मंदिर परिसर में विधि-विधान के साथ 22 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए, जिससे पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो उठा। नवरात्र के शुभारंभ से ही श्रद्धालुओं की मन्दिर में भारी उमड़ रही है। भक्तगण माता महामाया के दर्शन कर सुख-समृद्धि और मनोकामना पूर्ण होने की कामना कर रहे हैं। ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं ने मिलकर व्यवस्था संभाली और आयोजन को सफल बनाया। नवरात्र के दौरान प्रतिदिन पूजा-अर्चना, आरती और विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है।

## निधन

### सनत कुमार शर्मा



**आरंग।** ग्राम भानसोज निवासी पूर्व माध्यमिक शाला बरछा से सेवानिवृत्त प्रधानपाठक व पुरोहित 79 वर्षीय सनत कुमार शर्मा का मंगलवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार भानसोज स्थिति मुक्तिधाम में हुआ। वे राजेश व स्वर्गीय सुरेश के पिता तथा अभिषेक के दादा थे।

---

**विरोध : मढ़ी में विद्युत सबस्टेशन के लिए हजारों पेड़ों की चढ़ेगी बलि**

# मढ़ी में विद्युत सबस्टेशन का विरोध ग्रामीणों ने राजस्व टीम को खदेड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

एक ओर प्रदेश सरकार पेड़ लगाने विभिन्न योजना चला रही है तो दूसरी ओर धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के मढ़ी गांव में एक बार फिर प्रशासन घने जंगल को उजाड़ने की तैयारी कर रहा है। प्रशासन बिना किसी प्रस्ताव और सहमति लिए चारागाह की शासकीय भूमि को विद्युत सबस्टेशन बनाने के लिए विद्युत विभाग को दे दिया है। अब इसके लिए हजारों पेड़ों की बलि चढ़ाई जाएगी। मंगलवार को सीमांकन के लिए पहुंचे राजस्व विभाग के अधिकारियों को ग्रामीणों के भारी विरोध के चलते सीमांकन रद्द कर बेरंग लौटना पड़ा। बता दें कि, मढ़ी के शासकीय भूमि में प्रस्तावित विद्युत विभाग की नवीन सबस्टेशन बनने की जानकारी ग्रामीणों को नहीं है। गुपचुप तरीके से प्रशासन ने दूसरे गांव में प्रस्तावित सबस्टेशन को मढ़ी में बनाने की पूर्ण तैयारी कर ली है। जब अपने गांव में सबस्टेशन बनाने की जानकारी ग्रामीणों को हुई तो सोमवार को ग्रामीण कलेक्टर को ज्ञापन देकर आबंटन रद्द करने की गुहार लगाई। जब उक्त भूमि का सीमांकन करने मंगलवार को प्रशासन की टीम गांव पहुंची तो ग्रामीणों ने इसका पुरजोर विरोध और कहा कि किसी भी शर्त पर चारागाह की भूमि पर सबस्टेशन नहीं खोलने देंगे। बता दें कि, सीमांकन के लिए आए विद्युत विभाग और राजस्व के अधिकारियों को ग्रामीणों की खरी-खरी सुननी पड़ी।

### चुपचाप आबंटन और 3000 पेड़ों पर संकट



जानकारी के अनुसार सीएसपीडीसीएल द्वारा उद्योगों को सुविधा पहुंचाने के उद्देश्य से यहां लगभग 3000 पेड़ों की कटाई कराई जाएगी। यह फैसला न केवल पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है, बल्कि स्थानीय लोगों की आस्था, आजीविका और क्षेत्र की पर्यटन संभावनाओं पर भी सीधा हमला है। मौके पर पहुंचे स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने अधिकारियों से योजना के बारे में विस्तृत जानकारी ली लेकिन अधिकारी टालमटोल करते रहे। ग्रामीणों ने एकजुट होकर इस निर्णय का कड़ा विरोध किया और अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि यह जंगल उनके जीवन का हिस्सा है। यहां की हरियाली, जल स्रोत और पर्यावरण ही उनकी पहचान है। कांग्रेसी नेता भावेश बघेल ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि, भाजपा सरकार विकास के नाम पर लगातार प्रकृति का दोहन कर रही है। 3000 पेड़ों की कटाई केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि हजारों परिवारों की सांसों पर वार है।

### सियासी पारा चढ़ाः विपक्ष ने घेरा

कांग्रेसी नेता भावेश बघेल और जनपद सदस्य प्रकाश सगरवंशी ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि विकास के नाम पर प्रकृति का दोहन किया जा रहा है। उन्होंने इसे 'जंगल उजाड़ो, उद्योग बढ़ाओ' की नीति करार दिया और चेतावनी दी कि यदि आबंटन रद्द नहीं हुआ, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि, यह चारागाह की भूमि है और यहां पर सबस्टेशन नहीं खोलने देना है। चार हजार की आबादी वाले गांव में चारागाह की जमीन ही नहीं है। जो है उस पर भी प्रशासन की नजर गड़ी हुई है। इतना ही नहीं सबस्टेशन के हजारों पेड़ों की कटाई भी करवाई जाएगी। जिससे पर्यावरण पर भी सीधा संकट पड़ेगा। बता दें कि, इससे पहले ग्रामीण कलेक्टर आफिस भी गए थे जहां ज्ञापन देकर आबंटन रद्द करने की मांग की थी।

**भूमि विद्युत उप केंद्र निर्माण के लिए आबंटित-** सूर्यकांत कुंभकार, तहसीलदार खरोरा ने कहा की कलेक्टर द्वारा इस भूमि को विद्युत उप केन्द्र निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत ट्रांसमिशन कंपनी को आबंटित किया गया है। उसके पहले इनको आधिपत्य सौंपना रहता है। जिसके लिए मौका दिखाकर सीमांकन के लिए यहां उपस्थित हुए थे। ग्रामीणों के विरोध दर्ज करने के कारण सीमांकन नहीं किया जा सका है। आपत्ति और विरोध के बारे में उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है।

# रकम वापसी के लिखित आश्वासन पर अड़े प्रभावित, बैंक में जड़ा ताला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवां/कूंरा

प्रभावित खाते धारकों द्वारा लगातार चक्कर काटने के बाद सीधा प्रदर्शन एवं बैंक पूर्ण रूप से बंद कर विरोध जताए प्रभावित अब निर्णय ले लिए है कि जब तक रकम वापसी की लिखित आश्वासन नहीं मिलने तब तक प्रदर्शन जारी रखे जाने का निर्णय लिए साथ ही लिखित स्टाम्प में सभी के समक्ष होने पर राशि बैंक के नियमानुसार जब से जमा है तब से लेकर अभी तक की पूरी राशि भी बैंक में निर्धारी ब्याज लगता है या फिक्स डिपॉजिट में पूरी राशि नियमों के तहत मिले। बैंक में दोषी बैंक के कर्मचारियों एवं शाखा प्रबन्धक के खिलाफ भी कार्यवाही हो जिस प्रकार से बैंक से बांड पेपर लेकर बाहर से छपाई हुआ है साथ ही बैंक के माध्यम से एक खाते से दूसरा खाता में राशि आहरण किया है जिससे साबित होता है कि बैंक के जानकारी में हुआ है। ऐसी स्थिति में बैंक के शाखा प्रबंधक की जिम्मेदारी बनती हैं कि सूचना थाना में दे साथ ही फर्जी किए दोषी कर्मचारी के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए थाना में एफआईआर दर्ज नहीं कराए। साथ ही थाना वालों का भी बैंक को सहयोग प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है बैंक के शाखा प्रबंधक के खिलाफ एफआईआर कराने लिखित आवेदन के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं करने पर रोष प्रकट सभी प्रभावितों द्वारा किया गया। आज के प्रदर्शन मे लगातार शुरू से प्रभावितों के साथ देने वाले पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा भी उपस्थित होकर प्रभावितों को रकम वापसी तक साथ देने का भरोसा दिलाया। आज प्रदर्शन में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा, दुर्गेश वर्मा, साहिल खान, रामनारायण गुप्ता, शेषनारायण देवांगन, कुसुम साहू, गोविंदा सेन, नरेंद्र वर्मा, सुधांशु वर्मा, प्रहलाद निर्मलकर सहित प्रभावित गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# धर्मांतरण के बाद एससी के दर्जे पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्वागत योग्य : प्रीतम

**आरंग।** धर्मांतरण और अनुसूचित जाति दर्जा से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले का जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वागत किया जा रहा है। जनपद पंचायत आरंग के सदस्य प्रीतम कुमार साहू ने इस निर्णय को न्यायसंगत बताते हुए कहा कि यह फैसला संविधान की मूल भावना एवं प्रावधानों के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि जो व्यक्ति हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म को अपनाता है, उसे अनुसूचित जाति की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। धर्मांतरण करने पर अनुसूचित जाति का दर्जा समाप्त हो जाना न्यायालय की स्थापित व्याख्याओं के अनुरूप है। उन्होंने आगे कहा कि एससी-एसटी एक्ट के प्रावधानों का लाभ उन्हीं वर्गों को मिलना चाहिए, जिनके लिए यह कानून बनाया गया है।जनपद सदस्य ने इस फैसले को सामाजिक न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि इससे व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी और वास्तविक पात्रों को ही लाभ मिल सकेगा। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकारों से भी अपील की कि इस निर्णय के अनुरूप आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर व्यवस्था को और मजबूत किया जाए।

# 'प्रशासन का काम केवल योजना बनाना नहीं, समय पर पूरा करना है'



**सिलयारी।** क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा ने आज जनपद पंचायत धरसींवा में विभागीय अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दोनों जनपद पंचायतोंधरसींवा और तिल्दा में चल रहे विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति की गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान विधायक श्री शर्मा ने अधिकारियों से स्वीकृत कार्यों, पूर्ण हो चुके कार्यों और लंबित कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार जनपद पंचायत धरसींवा में कुल 695 स्वीकृत कार्यों में से 458 कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। वर्तमान में 216 कार्य अपूर्ण हैं और 21 कार्यों पर अभी काम प्रारंभ होना शेष है।वहीं जनपद पंचायत तिल्दा में कुल 1710 कार्य स्वीकृत हैं, जिनमें से 1325 कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुके हैं। शेष कार्यों में 147 प्रगतिरत हैं, 2 कार्य अपूर्ण हैं और 236 कार्य अभी अप्रारंभ श्रेणी में हैं। विधायक अनुज शर्मा ने अपूर्ण और अप्रारंभ कार्यों की संख्या पर असंतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो कार्य अभी तक शुरू नहीं हुए हैं, उन्हें तत्काल प्रारंभ किया जाए और जो प्रगतिरत हैं, उन्हें समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए।

### धरसींवा में चुनौतियां बरकरार

विधायक अनुज शर्मा नें कहा कि मुझे खुशी है कि धरसीवां में 458 और तिल्दा में 1325 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, लेकिन हमारी चुनौती वे कार्य हैं जो अब भी फाइलों में दबे हैं या आधे-अधूरे पड़े हैं। विकास तब तक अधूरा है जब तक अंतिम स्वीकृत कार्य का लाभ जनता तक न पहुंच जाए। हम अपूर्ण और अप्रारंभ जैसे शब्दों को अपनी कार्यशैली से हटाना चाहते हैं। प्रशासन का काम केवल योजना बनाना नहीं, बल्कि उसे समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरा करना है। विधायक ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लेट-लतीफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# मंदिर हसौद मंडल में बूथ कमेटी गठन के लिए बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के निर्देशानुसार एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चंदखुरी अंतर्गत मंदिर हसौद मंडल में आज संगठन सृजन अभियान चलाया गया, जहां बूथ कमेटी एवं ग्राम/वार्ड कमेटी गठन को लेकर चंदखुरी ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान आयोजित बैठक में चंदखुरी ब्लॉक के प्रभारी लोकमनी कोसले एवं मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम धीवर, जिला रायपुर अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रेखराम पात्रे, नगर पालिका मंदिर हसौद के अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी, प्रवीण सिंह, अंजू बघेल, भूषण साहू, निकाय के पार्षदगण अधिवक्ता अनुज मिश्रा, प्रताप सिंह ठाकुर, राकेश मिश्रा, हेमराज बंजारे, पिताम्बर सोनवनी, उत्तम साहू, दीनू यादव, राकेश जायसवाल, पप्पू जांगड़े, सनत पटेल, उपेंद्र भारती, दिलीप जोशी, शरद बंजारे, प्रेमनारायण मिश्र, विनोद पटेल, कमलेश भारती, महेंद्र जांगड़े, बेदु घृतलहरे, संतोष टंडन, मिथलेश पटेल, आर्यन जोशी, आर्यन बंजारे, छन्नू यादव, मोंटो यादव, मुकेश ध्रुव, दिलीप धीवर, आनंद लहरी, मुकेश निर्मलकर, राजवीर धीवर, शेख असद, नंदू साहू, दीपंकर यादव, सालिकराम टंडन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। विदित हो कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्देशित संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत संपूर्ण प्रदेश में यह अभियान संचालित है। इस अभियान के तहत नवनियुक्त कार्यकर्ताओं को योग्यता के अनुसार नवीन पद एवं जिम्मेदारी दी जाएगी, जिससे आगामी विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में पार्टी को मजबूती मिले और सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो सकें।

**किसान का 16 लाख का नुकसान**

# अज्ञात ने दो ट्रैक्टर और पैराकुट्टी मशीन फूंकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



ग्राम हसदा नंबर 2 में एक आगजनी की घटना सामने आई है, जहां अज्ञात व्यक्ति द्वारा खड़ी कृषि मशीनरी में आग लगा दी गई। इस घटना में एक किसान को करीब 15 लाख 90 हजार रुपये का भारी नुकसान हुआ है। प्रार्थी नारद कुमार साहू ने बताया कि वे खेती-किसानी का कार्य करते हैं और उनके दो ट्रैक्टर तथा एक पैराकुट्टी मशीन घर से लगे ब्यारा (खलिहान) में खड़ी थी। 22 मार्च की रात लगभग 11 बजे परिवार के सभी सदस्य भोजन कर सो गए थे। रात्रि करीब 1 बजे घर के पास चल रहे शादी समारोह के कुछ लोग उनके घर पहुंचे और बताया कि उनके वाहन में आग लग गई है। सूचना मिलते ही नारद साहू अपने परिवार के साथ मौके पर पहुंचे तो देखा कि दोनों ट्रैक्टर और पैराकुट्टी मशीन आग की चपेट में हैं।परिजनों व ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन तब तक सभी वाहन और मशीन पूरी तरह जलकर राख हो चुके थे।पीड़ित के अनुसार, जला हुआ ऑ य ल डा ल क र अज्ञात व्यक्ति ने जानबूझकर इस घटना को अंजाम दिया है। आगजनी में एक आईचर कंपनी का ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 04 क्यू एफ 9730 जिसकी कीमत करीब 9 लाख रुपये, एक एस्कॉर्ट पावरट्रैक ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 09 जेजे 5547 जिसकी कीमत करीब 6 लाख रुपये और एक पैराकुट्टी मशीन जिसकी कीमत लगभग 90 हजार रुपये थी, पूरी तरह नष्ट हो गई। पीड़ित किसान ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस प्रशासन से जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# गुरु खुशवंत के जन्मदिवस पर स्वास्थ्य शिविर 2 मार्च को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

केबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के जन्मदिवस (27 मार्च) के अवसर पर 29 मार्च को आरंग में एक दिवसीय विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर क्योरबे एवं श्री नारायणा हॉस्पिटल रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में पीएम श्री अरुंधती देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित होगा।कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर नगर पालिका परिषद आरंग के अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने नगरपालिका परिषद के अमले को मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए स्वास्थ्य विभाग के बीएमओ, जनपद पंचायत आरंग के सीईओ, शिक्षा विभाग के बीईओ एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी को समन्वय बनाकर कार्य करने कहा, ताकि शिविर का सफल संचालन सुनिश्चित हो सके।विद्यालय स्तर पर पीएम श्री अरुंधती देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य द्वारा लगभग 865 विद्यार्थियों एवं उनके पालकों को शिविर की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया है। इससे पूर्व मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने शिविर के आधिकारिक पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर पार्षद नरेन्द्र लोधी, पार्षद प्रतिनिधि विक्रम परमार, डॉ. सुनील खेमका, नवीन सिंह (सर्कल हेड, क्योरबे क्लीनिक्स छत्तीसगढ़), शिव गौतम (प्रोजेक्ट हेड), भूपेंद्र सिंह (स्ट्रैटेजिक एडवाइजर) एवं अतुल सिंघानिया (जीएम ऑपरेशंस, श्री नारायणा हॉस्पिटल रायपुर) सहित प्रबंधकीय टीम उपस्थित रही।

**धोलावीरा में करेंगे स्पेस मिशन का नेतृत्व**

# लुमेश साहू बने प्रदेश के पहले एनालॉग एस्ट्रोनॉट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के लिए अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र से एक ऐतिहासिक और गर्व करने वाली खबर सामने आई है। राजधानी रायपुर के एक छोटे से गांव बरौदा के होनहार युवा लुमेश साहू पिता कोमेन्द्र कुमार साहू ने अंतरिक्ष अनुसंधान की दुनिया में कदम रखकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। लुमेश छत्तीसगढ़ के पहले 'एनालॉग एस्ट्रोनॉट कैंडिडेट बन गए हैं। अपनी प्रारंभिक शिक्षा ज्ञानदीप विद्या मंदिर मांढर से पूर्ण करने के बाद, आईटीएम यूनिवर्सिटी रायपुर के बायोटेक्नोलॉजी छात्र लुमेश साहू ने यह बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वे न केवल इस मिशन का हिस्सा हैं, बल्कि उन्हें इस महत्वपूर्ण अंतरिक्ष सिमुलेशन के लिए 'मिशन कमांडर नियुक्त किया गया है। वे अपने साथ 3 अन्य क्रू मेंबर्स की टीम की कमान संभाल रहे हैं। गुजरात के ऐतिहासिक स्थल धोलावीरा में आयोजित इस खास एनालॉग मिशन का संचालन 'आका स्पेस स्टूडियो द्वारा किया जा रहा है। इस मिशन की चुनौतियां बेहद कठिन हैं। मिशन के दौरान लुमेश और उनकी टीम पूरे एक सप्ताह (7 दिन) तक बाहरी दुनिया से पूरी तरह कटी रहेगी। चंद्रमा या मंगल ग्रह जैसे कठिन हालातों, संचार में देरी और अकेलेपन का अनुभव करने के लिए टीम को आइसोलेशन में रखा जाएगा।




### प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा

रायपुर के एक छोटे से गांव से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्पेस मिशन को कमांड करना छत्तीसगढ़ के लाखों युवाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा है। लुमेश ने यह साबित कर दिया है कि यदि दृढ़ इच्छाशक्ति और सही दिशा हो, तो राज्य के युवा विज्ञान और अंतरिक्ष अनुसंधान के वैश्विक पटल पर नेतृत्व कर सकते हैं। उनकी इस सफलता पर पूरे प्रदेश में हर्ष का माहौल है।

# धरना प्रदर्शन व पंचायत कार्यालय का घेराव आज

**कूंरा।** नगर पंचायत कुंरा में विभिन्न मुद्दों पर जैसे शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, अमृत मिशन योजना 02 के कार्य में लेट लतीफी, आवास हितग्राहियों के खाते में समय पर राशि नहीं भेजना एवं अति जरूरत मंद आवास हितग्राहियों को स्वीकृति न देने बाबत, राशन समय पर नहीं मिलने संबंधित एवं नालियों की समय पर साफ सफाई सही मच्छरों से बचाव हेतु ब्लीचिंग पावडर का नालियों में हर माह छिड़काव करने सहित अनेक प्रकार से समस्याओं के चलते एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम कांग्रेस कमेटी नगर पंचायत कुंरा की उपस्थिति में सभी मंडल कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं समस्त पदाधिकारीयो पीड़ित ग्रामीणों द्वारा दिनांक 25 मार्च को सुबह 11:00 बजे से नगर पंचायत कुंरा में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन व विरोध किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, जिला अध्यक्ष, पूर्व जिलाध्यक्ष, ब्लाक कांग्रेस कमेटी धरसीवां अध्यक्ष, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष ,जिलापंचायत सदस्यगण, पूर्व जिलापंचायत अध्यक्षगण, पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं सदस्यगण, कूंरा पंचायत के सभी कांग्रेस पार्षदगण सहित ग्रामीण जन बड़ी संख्या में शामिल होंगे। मीडिया को उक्त विषय की जानकारी कूंरा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेश साहू ने दी है।

## खबर संक्षेप



### नरेश्वर मंदिर में मनाया छठ महापर्व

रायपुर। छठ महापर्व मुख्य रूप से बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तरप्रदेश में सूर्यदेव और छठी मैया की पूजा के रूप में कार्तिक शुक्ल षष्ठी को मनाया जाता है। इसी कड़ी पुलिस परिवार द्वारा लगातार 47 वर्ष से छठ महापर्व नरेश्वर मंदिर में मनाया जाता है, यहां की महानता बहुत है, क्योंकि इस महापर्व में छत्तीसगढ़ी, सिंधी समाज, सिख समाज के लोग भी शामिल होते हैं। पर्व में जो भी आस्था से मन्नत मांगता है, उसकी मन्नत पूर्ण होती है, इसीलिए यहां श्रद्धालुओं की भीड बढ़ती जा रही है।

### अग्रवाल समाज का परिचय सम्मेलन 4 अप्रैल से

रायपुर। अग्रवाल सभा रायपुर द्वारा सेरीखेड़ी स्थित अग्रसेन धाम में दो दिवसीय 4 से 5 अप्रैल तक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। अग्रवाल समाज की वर्तमान स्थिति व भविष्य को लेकर सामाजिकजनों के बीच अग्र मंथन में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा होगी। इस अवसर पर अग्रधरोहर पत्रिका में इनका प्रकाशन किया जाएगा और पत्रिका का विमोचन भी किया जाएगा। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल, महामंत्री मनमोहन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया कि परिचय होगा तो संबंध होगा, यह सिर्फ मुलाकात नहीं, दो परिवारों के जुड़ने की शुरुआत है। यहां संस्कारी, शिक्षित और योग्य युवाओं के बीच परिचय होगा, जहां आगे रिश्ते भी तय होंगे, जो सुंदर भविष्य की तलाश में हैं। परिचय सम्मेसन में शामिल होने के लिए प्री-रजिस्ट्रेशन के लिए क्यूआर कोड भी जारी किया गया है। अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष ममता अग्रवाल, युवा मंडल अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, युवती मंडल अध्यक्ष कंचन अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, कार्यक्रम प्रभारी विशम्भर अग्रवाल व डॉ. नीरज अग्रवाल पूरी टीम के साथ आयोजन की तैयारी को सफल बनाने में लगे हुए हैं।

### गायत्री मंदिर अभनपुर में दीक्षारोहण समारोह 27 को

रायपुर। पतंजलि योग परिवार, जिला रायपुर द्वारा श्रीराम नवमी एवं स्वामी रामदेव महाराज के संन्यास दीक्षा दिवस के अवसर पर 27 मार्च को सुबह 10 से 12 बजे तक गायत्री मंदिर परिसर अभनपुर में भव्य दीक्षारोहण समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर वैदिक यज्ञ, योग साधना, सहयोग शिक्षक दीक्षारोहण एवं योग प्रमाण पत्र वितरण किया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी की गई है। आयोजकों ने समस्त योग साधक अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएंगे।

## निधन

### समीर कुमार शर्मा



रायपुर। पाटन मर्रा धूमा निवासी एसबीआई किशनगंज ग्वालियर से सेवानिवृत्त समीर कुमार शर्मा (72) का 24 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्वालियर में किया गया। वे स्व. रामप्रताप मिश्रा पाटन वाले के पुत्र, शांता शर्मा के पति और हेमंत, मयंक व मृणाल शर्मा के पिता थे।

# नवा रायपुर के कुरूं गांव में 8 एकड़ जमीन पर बनेगा कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिरगांव नगर निगम के रावांभाठा क्षेत्र स्थान विवाद के कारण अब बायोगैस प्लांट नवा रायपुर के कुरूं गांव में बनेगा। यहां 8 एकड़ जमीन पर बाउंड्रीवाल बनाने का काम शुरू हो गया है। रायपुर नगर निगम कंप्रेस्ट बायोगैस प्लांट में रोजाना 100 टन गीला कचरा भेजेगा। इसके लिए शहरी क्षेत्र स्थित बगीचों, सब्जी बाजारों से निकलने वाले वेस्ट और गोबर तथा कचरे के स्त्रोतों का उपयोग होगा। इसके अलावा नवा रायपुर से भी गीला कचरा सीधे इस प्लांट में भेजा जाएगा।

नवा रायपुर के कुरूं गांव में भारत पेट्रोलियम 100 करोड़ की लागत से बायोगैस कंप्रेस्ड प्लांट लगाएगी। एक साल की समय अवधि में यह प्लांट बनकर तैयार हो जाएगा। प्रस्ताविक बायोगैस प्लांट में प्रतिदिन 100 टन गीला कचरा की जरूरत पड़ेगी। ऐसे में रायपुर शहर और नवा रायपुर से निकलने वाला गीला कचरा बिना प्रोसेस किए सीधे प्लांट में भेजा जाएगा। कचरे से बायोगैस उत्पन्न होगी, जो पेट्रोलियम उत्पादों के लिए वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोत के रूप में काम आएगी। यही नहीं, गीले कचरे से निकलने वाले वेस्ट मटेरियल को खाद के रूप में उपयोग किया जाएगा।

सूत्रों के मुताबिक पूर्व में इसे 60 करोड़ की लागत से बनना आंका गया था, पर यह प्लांट करीबन 100 करोड़ की लागत से बनेगा। इस प्लांट में सब्जी बाजार से निकलने वाले वेस्ट, बगीचों से निकलने वाले कचरे और शहरी क्षेत्रों से उत्पन्न होने वाले गीले कचरे का उपयोग होगा।

## 100 टन गीला कचरा रोज खपेगा, बाउंड्रीवाल बनना शुरू



### कचरे का होगा उचित निपटान, स्वच्छ बनेगा शहर

स्वच्छ भारत मिशन के तहत रायपुर शहर को साफ-सुथरा रखने और कचरे का उचित निपटान करने के मकसद से रायपुर नगर निगम द्वारा बायोगैस प्लांट का प्रोजेक्ट लाया गया है। इससे शहरभर से निकलने वाले गीला कचरा का समय रहते निष्पादन होगा, वहीं गीले कचरे से गंदगी और बदबू की समस्या नहीं रहेगी। क्योंकि प्रस्तावित प्लांट में रोज 100 टन गीला कचरा की खपत होना तय है। विदित हो, रायपुर नगर निगम महापौर मीनल चौबे ने अपने पूर्व के निगम बजट में गीले कचरे से कंप्रेस्ड बायोगैस बनाने बायोगैस प्लांट की घोषणा की थी। इसके लिए शहर से लगे रांवाभांठा में जमीन भी देखी गई, पर बिरगांव नगर निगम द्वारा रहवासी इलाके में प्लांट निर्माण को लेकर किए गए विरोध के बाद यह प्लांट अब नवा रायपुर के कुरुं गांव मेंबनेगा। विदित हो, बिरगांव नगरनिगम के मेयर ने बड़ी आबादी के लिए इसे नुकसान देह बताते हुए शहर का कचरा डंप करने का विरोध किया। चूंकि पूर्व में प्रस्तावित प्लांट रांवाभाठा के पास घनी आबादी वाले क्षेत्र में निर्माण होना था प्लांट में कचरे की बदबू और गंदगी का हवाला देते हुए इसे अन्यत्र लगाने की मांग की गई।

## जोन 4 में महापौर मीनल चौबे ने पेयजल समस्या को लेकर पार्षदों, अधिकारियों की ली बैठक

# राजीव आवास में लो प्रेशर, सिविल लाइन की पंडित गली के 20 घरों में पानी का संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 25 तारीख से पार्षदों के साथ वार्डों में समस्या जानने निकलेगी जल बोर्ड, स्मार्ट सिटी, अमृत की टीम

नगर निगम जोन 4 के पार्षदों और अधिकारियों के साथ महापौर मीनल चौबे ने मंगलवार को पेयजल आपूर्ति को लेकर समीक्षा बैठक ली। इस दौरान राजीव आवास परिसर में पानी की समस्या दूर करने नए बोरवेल खनन की मांग हुई। शांतिनगर क्षेत्र के मधु पिल्ले चौक के पंडित गली में 20 घरों में नई पाइप लाइन बिछाने के बाद भी पेयजल आपूर्ति शुरू नहीं होने, सदर इलाके में लो प्रेशर की समस्या वार्ड पार्षदों ने महापौर के समक्ष खुलकर बताई। इस दौरान जल बोर्ड, जोन 4 और अमृत मिशन तथा रायपुर स्मार्ट सिटी के 24 घंटा जल आपूर्ति के अधिकारी उपस्थित रहे।

गर्मी शुरू होते ही शहर में पेयजल की समस्या को लेकर शिकायत आनी शुरू हो गई है। जोन 4 में महापौर मीनल चौबे द्वारा ली गई समीक्षा बैठक में एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी और संजना हियाल के वार्डो में पेयजल की समस्या से अवगत कराया गया। भगवतीचरण शुक्ल वार्ड में अमृत मिशन के तहत 8 जगहों पर पाइप लाइन ज्वाइंट नहीं करने से पेयजल की समस्या से लोग जूझ रहे हैं। प्रभावित इलाकों में बैरनबाजार के महिला पुलिस थाना के पीछे वाला एरिया, शैलेंद्र नगर, कटोरातालाब क्षेत्र में पाइप लाइन से पानी नहीं चढ़ने की शिकायत वार्ड पार्षद अमर गिदवानी ने की। इसी तरह सिविल लाइन वार्ड में भावे नगर कटोरा तालाब, तेलीबांधा तालाब के मरीन ड्राइव क्षेत्र 3 वार्डो के रहवासी पूर्व जिस पानी टंकी का उपयोग करते रहे उसे कटोरातालाब में चौपाटी वाले तोड़ दिया। इससे वहां पानी की समस्या से लोग परेशान हैं। वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य संजना हियाल संबंधित क्षेत्र में नया बोरवेल खनन कराने की मांग की।

सिविल लाइन वार्ड शांतिनगर क्षेत्र में मधु पिल्ले चौक के पास पंडित गली में स्थित 20 घरों में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड से अनुबंधित एजेंसी ने 24 घंटे जल आपूर्ति कराने पाइप लाइन डाली, पर उसे अब तक शुरू नहीं करा पाए इससे इन घरों में पेयजल की समस्या गहरा गई है।

बैठक में मौजूद ब्राम्हणपारा वार्ड के पार्षद अजय साहू ने महापौर मीनल चौबे को बताया कि ब्राम्हणपारा वार्ड में पेयजल संकट की समस्या अब तक दूर नहीं हो पाई है। नई पाइप लाइन बिछाने का कार्य वर्कआर्डर होने के बाद शुरू नहीं हो पाया है। जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा के सदरबाजार वार्ड में रायपुर स्मार्ट सिटी के 24 घंटे जल आपूर्ति योजना के तहत पेयजल आपूर्ति में लो प्रेशर से समस्या हो रही है।

## शांतिनगर, सदर इलाके में कम पानी आने की शिकायत

### आज से 7 वार्डों में पार्षद के साथ घूमेगी टीम

महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर जोन 4 के सात वार्डों पेयजल आपूर्ति में आ रही परेशानी को दूर करने वार्ड पार्षद के साथ जल बोर्ड, अमृत मिशन शाखा के अधिकारी, रायपुर स्मार्ट सिटी के 24 घंटे जल आपूर्ति के अधिकारी और जोन 4 के जल विभाग की टीम घूम-घूमकर स्थल निरीक्षण कर समस्या का समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाएगी। महापौर ने वार्ड पार्षदों से जल संबंधी समस्याओं की जानकारी ली और उसे दूर करने सुझाव लिए।



### स्मार्ट सिटी और अमृत मिशन के काम में सबसे बड़ी दिक्कत : मीनल

शहर में के विभिन्न इलाकों में पेयजल समस्या की समीक्षा कर रही महापौर मीनल चौबे का कहना है रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड और अमृत मिशन वालों के काम ज्यादातर पार्षद संतुष्ट नहीं हैं। मंगलवार को जोन 4 की पेयजल समीक्षा बैठक में यह स्थिति देखने को मिली। पार्षदों द्वारा बताए गए स्थलों पर 25 मार्च से जोन की टीम, जलबोर्ड के सदस्य, अमृत मिशन और स्मार्ट सिटी के संबंधित अधिकारियों के साथ सात वार्डो में शिकायत वाले क्षेत्रों का भ्रमण कर समस्या समाधान करेंगे। इसके लिए बैठक में निर्देश दिए हैं। राजीव आवास के 7 ब्लाक में बोर से पेयजल आपूर्ति में आ रही परेशानी को देखते हुए वहां नया बोरवेल खनन कराया जाएगा।

### ये रहे उपस्थित

*जोन 4 कार्यालय में पेयजल आपूर्ति की समीक्षा को लेकर हुई बैठक में जल विभाग के अध्यक्ष संतोष-सीमा साहू, जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा, सिविल लाइन वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य संजना-सतोष हियाल, भगवतीचरण शुक्ल वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी, ब्राम्हणपारा वार्ड पार्षद अजय साहू, मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड पार्षद अर्जुमन-एजाज ढेबर, जोन 4 कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी, जल बोर्ड के अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, जल बोर्ड के सदस्य एवं कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा जूनियर, जोन कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह, जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंद्र, सहायक अभियंता अनुराग पाटेकर, जोन सहायक अभियंता गुलाब कर्ष, जल बोर्ड उप अभियंता रमेश पटेल, शुभम तिवारी, योगेन्द्र साहू उपस्थित रहे।*

# सीलबंदी करते देख 2 बड़े बकायादारों ने किया बकाया राशि का भुगतान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जोन 1 कमिश्नरी ने बड़े बकायादारों के खिलाफ चलाया राजस्व वसूली अभियान

नगर निगम जोन 1 क्षेत्र में 2 बड़े बकायादारों ने मंगलवार को सीलबंदी कार्रवाई के दौरान नगर निगम के राजस्व विभाग की टीम को तत्काल 6 लाख रुपए की बकाया राशि का मौके पर भुगतान कर दिया। वहीं एक अन्य बड़े बकायादार द्वारा नगर निगम को 1,071,156 रुपए का बकाया कर जमा नहीं करने पर उनके प्रतिष्ठान को सीलबंद कर किया गया।

निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश पर नगर निगम के सभी दस जोनों में इन दिनों बड़े बकायादारों से बकाया राजस्व वसूली के लिए जोनवार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में उपायुक्त जागृति साहू औरजोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर के निर्देश पर जोन के राजस्व विभाग ने एमआईसी सदस्य नंद किशोर साहू की उपस्थिति में घर-घर जाकर वार्ड 4 और और वार्ड 5 के सभी आवासीय क्षेत्रों के रहवासियों से संपत्ति कर अदा करने अपील की गई।

जोन 1 की टीम ने बकायादार भनपुरी के लक्ष्मण अग्रवाल द्वारा 1,0,6862 रुपए और गुरजीत सिंह रिंग रोड 2 द्वारा 4,96,091 रुपए का भुगतान सीलबंद की कार्यवाही के दौरान स्थल पर तत्काल भुगतान किया गया। इसी तरह एक अन्य बड़े बकायादार बाईसा बाई भनपुरी के प्रतिष्ठान को 10,7,156 रुपए का बकाया कर नगर निगम को भुगतान नहीं किए जाने पर तत्काल ताला लगाकर सीलबंद करने कार्रवाइ की गई। सीलबंदी के दौरान जोने के कार्यपालन अभियंता द्रोनी कुमार पैकरा, जोन सहायक राजस्व अधिकारी मनीष मरकाम, राजस्व निरीक्षक आशीष शर्मा, संतोषी साहू की उपस्थिति रही।

## पेज 13 के शेष ...

### दो लाख गाड़ियां रोज गुजर...

पूरी तरह से बंद रहेगा। ***दोनों जिलों के ट्रैफिक अधिकारी कर चुके हैं निरीक्षण :*** कुम्हारी स्थित पुराना ओवरब्रिज के मरम्मत के कारण बंद होने से मुख्य सड़क पर जाम की स्थिति नहीं बने। इसे लेकर रायपुर और दुर्ग दोनों जिलों के ट्रैफिक विभाग के अधिकारी मौके का निरीक्षण कर चुके हैं। इस निरीक्षण के बाद ही वाहन चालकों से ब्रिज का कार्य पूर्ण होने तक परिवर्तित मार्ग का उपयोग करने की अपील की गई है। ***भारी गाड़ियां, बसें मुख्य सड़क से करेंगी आवागमन :*** रायपुर-दुर्ग मुख्य सड़क से हर दिन डेढ़ से दो लाख गाड़ियां गुजरती हैं। इसमें दोपहिया, तीन पहिया, चार पहिया से लेकर यात्री बसें, 12 एवं 16 चक्का भारी वाहन भी गुजरती है। परिवर्तित मार्ग से छोटे वाहन को ही उपयोग करने के लिए कहा गया है, वहीं बस सहित अन्य भारी वाहन रायपुर-दुर्ग मुख्य सड़क से ही आवागमन करेंगे।

### मेकाहारा से पुलिस कर्मियों को ...

यह सजा 1 फरवरी 2026 को सुनाई गई। हालांकि आरोपी इस प्रकरण में 19 मार्च 2025 से जेल में बंद है। ***तबीयत खराब होने का बहाना कर भर्ती होने की आशंका :*** सूत्रों से जानकारी मिली है कि जिस तरह से साहेब ताती अस्पताल से फरार हुआ है, उसे देखकर यही लग रहा है कि आजीवन कारावास की सजा होने के बाद वह किसी भी तरह जेल से भागना चाहता था, जिसके लिए वह मौके की तलाश में था। अपने मकसद को पूरा करने के लिए उसने पहले तबीयत खराब होने का बहाना किया और जब उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, तो मौके का फायदा उठाकर पुलिस कर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया। ***हथकड़ी सहित फरार, प्रहरियों पर गिरेगी गाज :*** बताया गया कि आरोपी जब फरार हुआ, उस समय उसके हाथ में हथकड़ी लगी हुई थी तथा उसकी निगरानी के लिए दो प्रहरियों की ड्यूटी भी लगाई गई थी। इसके बाद भी आरोपी हथकड़ी पहने हुए फरार होने में कामयाब हो गया। इस घटना के बाद अब कैदी की निगरानी में लगे प्रहरियों पर भी गाज गिर सकती है।

### खुला आसमान तो तेज हुई धूप...

अपनी सामान्य स्थिति में है। राजधानी रायपुर जैसी स्थिति प्रदेश के लगभग सभी इलाकों में रही, क्योंकि बिगड़े मौसम ने सभी क्षेत्रों को प्रभावित किया था। बदलाव के पहले राज्य में तापमान 39-40 डिग्री तक पहुंच गई थी, इससे ऐसा प्रतीत हो रहा था कि गर्मी तेज रफ्तार पकड़ेगी मगर आए पश्चिमी विक्षोभ ने इस पर ब्रेक लगा दिया था। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक वर्तमान में एक एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मध्य पाकिस्तान और उसके आसपास मौजूद है। दूसरा ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मध्य प्रदेश के मध्य भाग में विस्तारित है। एक द्रोणिका मध्य प्रदेश के मध्य भाग में स्थित चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण से उत्तर मध्य महाराष्ट्र तक विदर्भ और मराठवाड़ा होते हुए उपस्थित है। बुधवार को प्रदेश के एक दो स्थानों यानी दक्षिण छत्तीसगढ़ के हिस्से में हल्की वर्षा हो सकती है।

### प्रमुख शहरों का अधिकतम तापमान

| | | | |
|---|---|---|---|
| रायपुर | 37.1 | माना | 37.3 |
| बिलासपुर | 37.0 | पेंड्रा | 35.2 |
| अंबिकापुर | 33.8 | जगदलपुर | 34.4 |
| दुर्ग | 36.5 | राजनांदगांव | 38.0 |

### तीन सफाई कर्मियों की मौत के...

करते हुए इस घटना के लिए अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही और जिम्मेदार मानते हुए जमकर प्रदर्शन किया था। प्रदर्शनकारियों के आक्रोश को देखते हुए इस दौरान पुलिस प्रशासन ने मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल को भी तैनात किया था। देर रात तक हंगामा और प्रदर्शन के बाद मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए अंबेडकर अस्पताल भेज दिया गया था। इधर इस घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन की ओर से मृतकों के परिजनों को मुआवजा राशि देने की घोषणा भी की है।

## बिजने साइट

### नवरात्रि पर होंडा का खास ऑफर शाईन 100 पर पाएं शानदार बचत

रायपुर। नवरात्रि के शुभ अवसर पर होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने अपने लोकप्रिय मॉडल शाईन 100 पर आकर्षक ऑफर्स की घोषणा की है। कंपनी द्वारा ग्राहकों को इस त्योहारी सीजन में बेहतर सुविधा और किफायती विकल्प प्रदान करने के उद्देश्य से यह विशेष योजना शुरू की गई है। इस ऑफर के तहत ग्राहकों को शाईन 100 बाइक पर 9000 रुपए तक की बचत का लाभ मिल सकता है। कंपनी ने ग्राहकों से अपील की है कि बढ़ती कीमतों से पहले इस ऑफर का फायदा उठाएं। इस स्कीम के साथ बाइक की एक्स-शोरूम कीमत लगभग 65424 रु बताई गई है, जो इसे एक बजट-फ्रेंडली और भरोसेमंद विकल्प बनाती है। शाईन 100 अपने बेहतर माइलेज, ईएसी टेक्नोलॉजी, साइड स्टैंड इंजन इनहिबिटर और मजबूत ग्रैब रेल्स जैसी आधुनिक सुविधाओं के लिए जानी जाती है। कंपनी का कहना है कि यह बाइक रोजमर्रा के उपयोग के लिए एक मजबूत और किफायती विकल्प है।



### जीके इलेक्ट्रिक ने 'डीएन एंटरप्राइजेज' डीलरशिप का शुभारंभ किया



रायपुर। जीके इलेक्ट्रिक ने सारंगढ़ में अपनी नई अधिकृत डीलरशिप डीएन एंटरप्राइजेज का शुभारंभ किया। रायपुर मुख्यालय वाली कंपनी के इस कदम से क्षेत्र में इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर बाजार को नई गति मिलने की उम्मीद है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तरी गणपत जांगड़े उपस्थित रहीं। उनके साथ अरुण मालाकार और सोनी अजय बंजारे सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम में कंपनी के प्रतिनिधि अमित वर्मा, सयान भौमिक और चरणजीत सिंह ने प्रोपराइटर नागेश्वर चंद्रा को डीलरशिप प्रमाणपत्र सौंपा। इस अवसर पर जीके इलेक्ट्रिक के निदेशक पुनीत पारवानी ने कहा कि सारंगढ़ में हमारी डीलरशिप का शुभारंभ हमारे नेटवर्क विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा उद्देश्य उभरते क्षेत्रों में अपनी मजबूत उपस्थिति स्थापित करते हुए विश्वसनीय, किफायती और टिकाऊ इलेक्ट्रिक मोबिलिटी समाधान उपलब्ध कराना है।

### विवेकानंद महाविद्यालय में एआई के बढ़ते प्रभाव पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी



रायपुर। विवेकानंद महाविद्यालय एवं अग्रसेन महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को 'रोल ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन मैनेजमेंट एंड ई-कॉमर्स ऑपरेशंस' विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन हुआ। मुख्य वक्ता प्रो. (डॉ.) सच्चिदानंद शुक्ल, कुलपति पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने कहा कि भविष्य में एआई का उपयोग ज्योतिष सहित विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ेगा, परंतु इसमें मानवीय भावनाएं नहीं होतीं। प्राचार्य डॉ. मनोज मिश्रा ने एआई को सहायक उपकरण बताते हुए इसकी सूचनाओं की प्रामाणिकता पर जोर दिया। वहीं वाय. के. राजपूत ने एआई की उपयोगिता रेखांकित की। समारोह में सुधांशु शेखर शुक्ला सहित अन्य अतिथियों ने शोध संक्षेपिका का अनावरण किया। प्रथम सत्र में डॉ. संजय कुमार ने एआई की कार्यप्रणाली समझाई। तकनीकी सत्र में शोधपत्र प्रस्तुत हुए। दूसरे दिन अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ ऑनलाइन जुड़ेंगे।

### फाउंडेशन बैच की ओर बढ़ता अभिभावकों का विश्वासः स्वतंत्र सिंह



रायपुर। प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के बदलते स्वरूप के बीच अब अभिभावकों का झुकाव दीर्घकालिक और सुनियोजित तैयारी की ओर तेजी से बढ़ रहा है। दिल्ली आईएएस एकेडमी की रायपुर शाखा के निदेशक स्वतंत्र सिंह ने बताया कि 12वीं उत्तीर्ण और स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों में सीजीपीएससी जैसी परीक्षाओं को लेकर अभूतपूर्व जागरूकता देखी जा रही है। उन्होंने बताया कि दो वर्ष पूर्व शुरू किए गए फाउंडेशन बैच ने अब ठोस परिणाम देने शुरू कर दिए हैं। शुरुआती दौर में मात्र 6 विद्यार्थियों से शुरू हुई इस पहल से आज 50 से अधिक छात्र जुड़ चुके हैं। यह कार्यक्रम तीन वर्षों की अवधि में विद्यार्थियों को स्नातक के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की समग्र तैयारी प्रदान करता है। इस मॉडल में नियमित कक्षाएं, टेस्ट सीरीज, उत्तर लेखन अभ्यास और व्यक्तिगत मेंटरशिप शामिल है। विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसी पहल छात्रों में आत्मविश्वास, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति स्पष्टता विकसित कर रही है।

### आम सूचना

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार पार्थ सिंगला पिता श्री रोहित सिंगला निवासी मकान नं. 202, सेक्टर 2, पंचकूला, हरियाणा ने विक्रेतागण दीपक पटेल पिता श्री मगन लाल पटेल, हितेश पटेल पिता श्री नरसिंह भाई पटेल, एवं श्रीमती अनीता शाह पति श्री सत्यनारायण शाह निवासी ग्राम कुकैरा (रेटा), तहसील धरसींवा, जिला रायपुर छ.ग. से कृषि भूमि वाके मौजा ग्राम कुकैरा (रेटा), प.ह.नं. 05, रायपुर 20 सिलयारी कुरूद, तहसील धरसींवा, जिला रायपुर छ.ग. में स्थित खसरा नं. 516/2 रकबा 1.2730 हे., 518/1 रकबा 0.1130 हे., 518/2 रकबा 0.1130 हे., 518/3 रकबा 0.1130 हे., 91/4 रकबा 0.0800 हे., 61/3 रकबा 0.304 हे. कुल 6 खसरा कुल रकबा 1.996 हेक्ट. भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा (इकरारनामा) दिनांक 19.07.2023 को किया था। उक्त भूमि के एवज में मेरे पक्षकार द्वारा कुल 2,40,00,000/- (दो करोड़ चालीस लाख रुपये) की राशि अदा कर दी गई है । परंतु उक्त विक्रेतागण ने बेईमानी पूर्वक उक्त भूमि को बिना इकरारनामा निरस्त किए दीपक बंसल को विक्रय कर दिया है , जिसके संबंध में न्यायालय एवं पुलिस के समक्ष आपराधिक व दीवानी कार्यवाही लंबित है। अतः उपरोक्त सौदा एवं संव्यवहार पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, सोसायटी, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय, महाजन अथवा किसी भी पारिवारिक सदस्य या अन्य को सूचित किया जाता है कि वे उक्त विवादित भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का क्रय-विक्रय, पट्टा, बंधक या कोई संव्यवहार न करें। यदि कोई ऐसा करता है तो वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा इसके समक्ष शून्य व अवैध समझी जावेगी और उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की होगी। सो सूचना जाने।

भवदीय
शैलेश पटेल (अधिवक्ता)

### ईश्तहार

पत्र क्र./21018/न.पा.नि./जोन क्र. 10/2026, रायपुर दिनांक 19/08/2025
नामांतरण प्र. क्र. 21018, वार्ड का नाम 54 कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR652PRPR652P10A23 जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती 1. Ramjas gupta 2. Shivshankar gupta पिता / पति श्री/श्रीमती Mahaveer prasad gupta के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती Tutila sahu पिता / पति श्री/श्रीमती Mani ram sahu ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

"सूचना जारी करे"
श्री विवेकानन्द दुबे
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### // उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की प्राप्ति हेतु //

(आदेश-5, नियम-20 एवं 151 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)
न्यायालयः-कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.
उत्तराधिकार प्र.क्र.- 04/2026 प्रो.क्र. 275/26
पेशी तारीख 30.04.2026
सुजय सिन्हा व अन्य ...आवेदकगण
बनाम
एस.बी.आई. म्यूचुअल फंड व अन्य .. अनावेदकगण
प्रति,
आम जनता जिसका इस केस से संबंध हो

जो कि आवेदक के मृतक पिता/पति स्व. जयंत कुमार सिन्हा के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु इस न्यायालय में पेशी 30.04.2026 को दिन प्रातः 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए समंस किया जाता है।

आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस बाद से संबंधित सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।

अतः आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

**नोटः** यदि किसी कारणवश आगामी पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेंगा ।

यह आज तारीख 16.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया गया है ।
रायपुर छ.ग.
दिनांक 16.03.2026
मुहर
(कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा)
षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ श्रेणी रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर 09, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

### आम सूचना

जारी दिनांक 23.03.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम तेलीबांधा प.ह.नं. 64 रा.नि.मं.-09 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध में आवेदक श्री कैलाश बड़वानी पिता जीवन लाल बड़वानी निवासी फाफाडीह रायपुर द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 407/4 रकबा 0.0800 हेक्टेयर भूमि के सीमांकन हेतु आवेदन माननीय न्यायालय नायब/ अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय नायब/अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के न्यायालयीन आदेश दिनांक 18.03.2026 के परिपालन में आवेदित की भूमि के सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षण मेरे द्वारा दिनांक 13.04.2026 को 02:00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतएव उक्त खसरा नंबर के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों, व्यक्ति, संस्था तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि आप नियत दिनांक के पूर्व पटवारी कार्यालय में अथवा ऊपर उल्लेखित दिनांक को आवेदित स्थल में अपनी भूमि के दस्तावेज सहित उपस्थित होवें और दस्तावेज के अनुरूप दावा-आपत्ति समक्ष प्रस्तुत करें। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा। सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक,
रायपुर-09 (तेलीबांधा)





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### संकटमोचन हनुमान मंदिर में अखंड रामायण का पाठ



**रायपुर।** रायपुर के बुढ़पारा स्थित श्री संकटमोचन वीर हनुमान मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व पर 9 दिवसीय अखंड रामायण पाठ का भव्य आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर परिहार महिला भजनी मंडल द्वारा भजन प्रस्तुत किए जा रहे हैं। भक्तजन बड़ी संख्या में शामिल होकर रामायण पाठ आनंद ले रहे हैं और यथासंभव सहयोग भी दे रहे हैं। हनुमानजी का दर्शन का लाभ ले रहे हैं और अपने जीवन को सार्थक बना रहे हैं।

### गोंदवारा के शीतला मंदिर में 203 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के संत कबीरदास वार्ड नंबर 3 स्थित गोंदवारा के शीतला मंदिर में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर 203 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और मां शीतला की विधिवत पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन, सेवा एवं मंत्रोच्चार के साथ पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया गया। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए दीप प्रज्ज्वलित किए। सैकड़ों दीपों की रोशनी से मंदिर परिसर आकर्षक एवं आलोकित नजर आ रहा है। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र में धार्मिक भावना एवं सामाजिक एकता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में क्षेत्र के नागरिक एवं बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

### भाठागांव के 2 एकड़ अवैध प्लाटिंग पर एक्शन



**रायपुर।** भाठागांव क्षेत्र के केशरी बगीचा में करीब 2 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर नगर निगम ने रोक लगाई है। जोन 6 के नगर निवेश विभाग ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा की जा रही अवैध प्लाटिंग के मुरुम रोड को जेसीबी से काटकर आवागमन के मार्ग को अवरुद्ध किया है। नगर निगम जोन 6 के भाठागांव में केशरी बगीचा के पास निजी भूमि पर अवैध प्लाटिंग की शिकायत मिलने पर निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश एवं जोन कमिश्नर हितेंद्र यादव के निर्देश पर जोन कार्यपालन अभियंता दिनेश सिन्हा, सहायक अभियंता आशीष श्रीवास्तव, उप अभियंता सागर ठाकुर, अंकुर अग्रवाल की टीम ने स्थल पर पहुंचकर वहां निर्मित अवैध मुरुम रोड को जेसीबी मशीन की सहायता से काटकर वहां का आवागमन बाधित किया।

### प्रारंभिक पहचान और शीघ्र हस्तक्षेप पर प्रशिक्षण कार्यक्रम



**रायपुर।** आकांक्षा लायंस इंस्टिट्यूट ऑफ लर्निंग एंड एम्पॉवरमेंट के तत्वावधान में जनपद सभागृह धरसींवा में "प्रारंभिक पहचान एवं शीघ्र हस्तक्षेप" विषय पर महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों में विकास संबंधी समस्याओं की प्रारंभिक पहचान एवं समय पर हस्तक्षेप के लिए सक्षम बनाना था। कार्यक्रम में आकांक्षा संस्थान से पंकज कुमार मौर्य द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास से संबंधित संकेतों की पहचान, समय पर उचित मार्गदर्शन एवं आवश्यक हस्तक्षेप की तकनीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक अवस्था में पहचान और हस्तक्षेप से बच्चों के समग्र विकास को बेहतर दिशा दी जा सकती है।

# विश्वविद्यालय ने भेजी छात्रवृत्ति, लेकिन कॉलेजों ने कहा-अगले वर्ष देंगे

## मामला इंदिरा गांधी कृषि विवि और उससे संबद्ध महाविद्यालयों का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छात्रवृत्ति प्रदान करने में अनियमितता को लेकर कृषि छात्रों का रोष मंगलवार को फट पड़ा। विवि अध्ययनशाला सहित संबद्ध महाविद्यालयों के छात्रों ने विभिन्न स्तर पर प्रबंधन को ज्ञापन सौंपकर छात्रवृत्ति प्राप्त नहीं होने की समस्याएं गिनाई। छात्रों का कहना है, स्टाइपेंड के मामले में कई महाविद्यालयों में छात्रों को पूर्ण राशि प्रदान नहीं की जा रही है तथा राशि के विभाजन का कोई स्पष्ट आधार नहीं बताया जा रहा है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में विश्वविद्यालय से संबंधित विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी छात्रवृत्ति एवं स्टाइपेंड से जुड़ी गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति की स्थिति भी चिंताजनक है, जहां अधिकांश महाविद्यालयों में अब तक छात्रवृत्ति का पूर्ण वितरण नहीं किया गया है। कुछ स्थानों पर छात्रों को यह कहकर भ्रमित किया जा रहा है कि शेष राशि अगले वर्ष दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, आईसीएआ छात्रों के साथ भी भेदभाव की शिकायतें सामने आई हैं, जहां कुछ महाविद्यालयों में बैकलॉग के आधार पर छात्रवृत्ति रोकी जा रही है, जबकि अन्य संस्थानों में ऐसा नहीं किया जा रहा है। यह पूर्णतः अनुचित है।

### पारदर्शिता नहीं

एनएसयूआई के नेतृत्व में छात्रों ने यह विरोध दर्ज कराया। जिला सचिव शुभम शर्मा ने कहा, पूर्व वर्षों में एनएसयूआई द्वारा स्टाइपेंड को लेकर लगातार विरोध किया गया था, जिसके बाद इस वर्ष विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा स्टाइपेंड से संबंधित जानकारी वेबसाइट पर अपलोड नहीं की गई है। पूर्व वर्षों की तुलना में इस वर्ष पारदर्शिता का भी अभाव देखने को मिल रहा है। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि विश्वविद्यालय अपनी कमियों या संभावित गड़बड़ी को छुपाने का प्रयास कर रहा है। कृषि महाविद्यालय, जांजगीर-चांपा में छात्रों को केवल आधी राशि ही दी जा रही है तथा उन्हें यह कहकर भ्रमित किया जा रहा है कि शेष राशि अगले वर्ष प्रदान की जाएगी। आखिर यह व्यवस्था किस आधार पर की जा रही है, यह स्पष्ट नहीं है, जिससे छात्रों में असमंजस एवं आक्रोश की स्थिति बनी हुई है। छात्रों ने स्टाइपेंड की पूर्ण राशि तत्काल प्रदान करने तथा पारदर्शिता की मांग की है।




## सभी आरोपियों के विरुद्ध 20बी, 29 नारकोटिक एक्ट के तहत की जा रही है कार्रवाई

# रायपुर पुलिस की ताबड़तोड़ छापेमारी 9 अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़, ओड़िसा सहित देश के अन्य राज्यों में गांजा की तस्करी करने वालों के विरुद्ध रायपुर पुलिस अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत प्रदेश के साथ दूसरे राज्यों से भी आरोपियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। इस अभियान के दौरान पुलिस ने 48 घंटे के दौरान अलग-अलग 6 प्रकरणों में गांजा तस्करी में शामिल अंतर्राज्यीय 9 आरोपियों को रायपुर और ओड़िसा से गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों में एक महाराष्ट्र और 5 ओड़िसा राज्य के अलग-अलग जिलों के निवासी हैं। सभी आरोपियों के विरुद्ध 20बी, 29 नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



### ओड़िसा के 5 जिलों में पुलिस ने मारा छापा

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित तुकाराम काम्बले सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने प्रेस कांफ्रेंस में इस कार्रवाई का खुलासा करते हुए बताया कि गांजा तस्करी के मामले में रायपुर के अलग-अलग थाना में गांजा तस्करी के दर्ज अपराध में शामिल आरोपियों को पतासाजी कर गिरफ्तार करने के लिए पुलिस और क्राइम थानों की 50 सदस्यों की विशेष टीम का गठन किया था। इस टीम ने रायपुर और ओड़िसा में अभियान चलाकर 6 प्रकरण में 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। टीम ने ओड़िसा में स्थानीय पुलिस की मदद से बरगढ़, बलांगीर, टिटलागढ़, बौध, तथा कंधमाल से कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### इन राज्यों में गांजा सप्लाई नेटवर्क का हो चुका है खुलासा

अधिकारियों ने बताया कि रायपुर पुलिस ने हाल ही में आजाद चौक थाना क्षेत्र में चिट्टा की तस्करी करने वाले पंजाब के 4 अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया था। इसके पूर्व मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, दिल्ली, गुजरात, पंजाब एवं ओड़िसा से पहले भी गांजा की सप्लाई करने वाले नेटवर्क का खुलासा भी हो चुका है। पूर्व के प्रकरणों में पुलिस ने पंजाब के 4, ओड़िसा 12, महाराष्ट्र के 5, मध्यप्रदेश के 4, उत्तर प्रदेश के 8, राजस्थान के 1 तथा बिहार के 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। इस तरह कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद अब तक कुल 62 प्रकरणों में 107 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इन अपराधिक प्रकरणों में 2 करोड़ 50 लाख रुपए कीमत का मादर्क पदार्थ एवं सामग्री जब्त की जा चुकी है।

### साढ़े 9 किलो गांजा कार-मोबाइल जब्त

पुलिस कार्रवाई में गिरफ्तार किए गए आरोपियों में परमानंद रावण 22 वर्ष निवासी गांव बौतालभाठा बरगढ़, पिंटू प्रधान 26 वर्ष निवासी गांव बैतालभाठा बरगढ़, चंद्रशेखर पटवा 27 वर्ष निवासी लक्ष्मी कालोनी जरिमारी मंदिर कल्याण महाराष्ट्र, घनश्याम गढ़ातिया 54 वर्ष निवासी ग्राम बैतलभाठा थाना जगदलपुर जिला बरगढ़, जगबंधु सुनानी उर्फ जतिन 30 वर्ष निवासी वार्ड नंबर-6 स्कुलपारा जियो टॉवर के बाजू अम्बेडकर चौक थाना केसिंगा जिला कालाहाण्डी ओड़िसा, प्रमोद महानंद 25 वर्ष निवासी गौड़तुला बलांगीर ओड़िसा, भागवत साहू 34 वर्ष निवासी ग्राम उदयपुर वार्ड 9 थाना टीटलागढ़ ओड़िसा, रंजीत डिगल 28 वर्ष निवासी ग्राम कानपोडा कुडोमणी थाना बालीगुड़ा जिला कंधमाल ओड़िसा एवं लक्ष्मीधर बेहरा 38 वर्ष निवासी चांदीपुर थाना बौध ओड़िसा शामिल हैं। इन सभी आरोपियों से 9 किलो 500 ग्राम गांजा, जिसकी कीमत 4 लाख 75 हजार रुपए के साथ एक कार तथा 6 मोबाइल जब्त किए गए हैं।

# प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों का एक साथ घेराव करेगी एनएसयूआई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छात्र संघ चुनाव बहाली के लिए एनएसयूआई द्वारा प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। 30 मार्च को सभी महाविद्यालयों में प्राचार्य के माध्यम से राज्यपाल एवं सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। 6 अप्रैल को प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में एक साथ घेराव किया जाएगा। एनएसयूआई के अनुसार, छात्रसंघ चुनाव शिक्षा संस्थानों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

- 6 अप्रैल को प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों का एक साथ किया जाएगा घेराव

इसके जरिए छात्रों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से प्रशासन तक पहुंचाया जा सकता है और उन्हें अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का अनुभव व अभ्यास करने का अवसर मिलता है। साथ ही यह छात्रों में नेतृत्व क्षमता और जिम्मेदारी का विकास करता है तथा छात्र हितों के लिए मजबूत प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करता है। छात्र संघ चुनाव के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था में छात्रों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होती है, जो एक स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण के लिए आवश्यक है।

### परीक्षा और परिणामों में अनियमितता का आरोप

मंगलवार को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर एनएसयूआई पदाधिकारियों ने अपने आगामी धरना-प्रदर्शन की जानकारी साझा की। लंबे समय से छात्र संघ चुनाव नहीं होने के कारण छात्रों की आवाज दब रही है। इसके अलावा लगातार बढ़ती फीस से छात्रों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। शिक्षकों की कमी से पढ़ाई प्रभावित हो रही है और कई संस्थानों में लाइब्रेरी, इंटरनेट, पेयजल तथा स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। परीक्षा और परिणामों में अनियमितता, प्लेसमेंट एवं करियर मार्गदर्शन की कमी, हॉस्टल और परिवहन से जुड़ी समस्याएं, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल संसाधनों की कमी तथा प्रशासन की उदासीनता भी छात्रों के लिए बड़ी चिंता का विषय बनी हुई हैं। रायपुर जिला मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेशाध्यक्ष नीरज पांडेय, अमित शर्मा, हेमंत पाल, प्रवीण जैन, संकल्प मिश्रा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# रायपुर के 423 निष्क्रिय बिजली कनेक्शनों को मिलेगी 23 लाख की छूट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के दक्षिण संभाग में समाधान शिविर में प्रबंध निदेशक डिस्ट्रीब्यूशन भीमसिंह कंवर ने उपस्थित उपभोक्ताओं से सीधे वार्तालाप कर बकाया बिल की वास्तविक जानकारी ली। शिविर में सक्रिय एवं निष्क्रिय उपभोक्ताओं की संपूर्ण जानकारी लेते हुए श्री कंवर ने अधिकारियों को योजना में ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों को लाभ देने के निर्देश दिए। रायपुर के दक्षिण संभाग में 423 निर्षक्रिय कनेक्शन वालों को 23 लाख की छूट मिलेगी।

- एक महिला को एक लाख के बकाया पर निष्क्रिय कनेक्शन होने पर 60 हजार का मिला लाभ

शिविर में उन हितग्राहियों को प्रमाणपत्र वितरित किया गया, जो गरीब, असमर्थ, जरूरतमंद थे। इशरत खान घरेलू उपभोक्ता (रावणभाठा जोन) की जानकारी संभाग द्वारा दी गई। जिनकी कोविड के समय से एक लाख 9801 राशि बकाया थी, उनके पुत्र का कोविड के दौरान निधन हुआ था और तब से ये बिल भुगतान करने में असमर्थ थी। फिर भी बीच बीच में वे कभी एक हजार, कभी तीन हजार जमा करती रही, परंतु बकाया राशि अधिक होने के कारण वे इसे पूर्णतः समाप्त नहीं कर पा रही थी। दक्षिण संभाग ने मैदानी अमले को भेज कर उन्हें समाधान योजना के बारे में बताया और समाधान योजना में उनको लाभ दिया गया। मार्च 2023 की स्थिति में उनका बकाया 99 हजार रुपए था। कनेक्शन निष्क्रिय होने के कारण उनको 50 फीसदी मूल राशि में छूट दी गई तो यह छूट 49 हजार रुपए हुई। इसी के साथ करीब 10 हजार का सरचार्ज माफ किया गया। इसी के साथ उन्होंने बीच-बीच में जो पैसे जमा किए थे, उसको मिलाकर उनका 97 हजार 981 रुपए का भुगतान हो गया है। अब उनका बकाया मात्र करीब 11 हजार रुपए बच गया है।

# मोतीबाग पानी टंकी में नए मोटर पंप लगाने जगह तय नहीं, महापौर नाराज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 4 कार्यालय में पंप हाउस और संपवेल का ऊपर चढ़कर पार्षदों और अधिकारियों के साथ महापौर मीनल चौबे ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नए मोटर पंप क्रय करने का टेंडर होने और अनुबंधित एजेंसी को वर्कआर्डर के बाद अब तक नए मोटर पंप लगाने का काम शुरू नहीं होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने फिल्टर प्लांट के अधिकारी से पूछा कि काम में देर क्यों हो रही है? पता चला पुराने मोटर पंप में स्पेस कम होने से नए मोटर पंप दूसरी जगह लगाना होगा, पर इसके लिए अब तक जगह तय नहीं है। महापौर मीनल चौबे ने पार्षदों और अधिकारियो के साथ पुराने पंप हाउस के बाजू में खाली पड़ी जगह तय करते हुए वहां नए मोटर पंप स्थापित करने निर्देश दिए। विदित हो, मोतीबाग पानी टंकी के पुराने मोटर पंप 75 एचपी क्षमता के होने के कारण उसकी जगह 150 एचपी के तीन नए मोटर पंप लगाया जाएगा। इससे आने वाले दिनों में मोतीबाग की पानी टंकी कम समय में आसानी से भर पाएगी।

- स्थल निरीक्षण कर पुराने पंप हाउस के बाजू जगह तय की

# टीबी मरीजों की पहचान के लिए आज से सौ दिन की जांच, पहले चरण में मिले थे 12 सौ संक्रमित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्यूबरक्लोसिस यानी टीबी के मरीजों की जांच के लिए दूसरे चरण में सौ दिन का अभियान मंगलवार से प्रारंभ कर दिया गया। इस अवधि में संवेदनशील इलाकों में शिविर लगाकर एआई मशीनों की मदद से लोगों की जांच की जाएगी। पिछली बार के सौ दिनी अभियान में रायपुर जिले में लगभग 1200 संक्रमितों की पहचान हुई थी। पिछले साल जिले में कुल 7 हजार मरीज डिटेक्ट हुए थे जिनमें से 90 फीसदी की रिकव्हरी हो चुकी है।

- पिछले साल मिले थे 7 हजार संक्रमित, 90 फीसदी स्वस्थ हो चुके
- संवेदनशील इलाकों में शिविर, एआई मशीन की मदद से होगी जांच

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत विश्व क्षय दिवस पर मंगलवार 24 मार्च से 100 दिनी अभियान का दूसरा चरण प्रारंभ किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. मिथिलेश चौधरी ने बताया कि अभियान के दौरान उन लोगों की जांच की जाएगी जो पिछले अभियान के दौरान छूटे थे। खासकर ऐसे लोगों को जांच के दायरे में लाया जाएगा जो टीबी के हाईरिस्क समूह में आते है। जांच के लिए तीन मशीनों का उपयोग किया जाएगा जो एआई माध्यम से फेफड़े की स्कैनिंग कर टीबी के संदिग्ध मरीजों की पहचान करेगी। इसके लिए स्लम बस्ती के साथ संवेदनशील इलाकों में शिविर लगाकर जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि संदेहास्पद मरीजों के सैंपल ट्रूनॉट मशीनों से टेस्ट के लिए भेजे जाएंगे। उन्होंने बताया कि टीबी मरीजों को इलाज के दौरान निशुल्क दवा और निक्षय मित्रों के माध्यम से फूड बास्केट दिया जाता है। इसके अलावा उन्हें शासन स्तर पर निक्षय पोषण राशि भी प्रदान की जाती है।



### एम्स में कार्यक्रम का आयोजन

एम्स में तपेदिक उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एम्स के कॉलेज ऑफ नर्सिंग के सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग विभाग ने 100-दिवसीय विशेष अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान निदेशक अशोक जिंदल, चिकित्सा अधीक्षक डा. रेनु राजगुरु, प्रोफसर डा. बिनू मैथ्यू उपस्थित रहे। इस दौरान स्क्रीनिंग ओपीडी, जनरल मेडिसिन ओपीडी एवं पल्मोनरी ओपीडी में 400 से अधिक मरीजों की जांच की गई। डोम रजिस्ट्रेशन क्षेत्र में 500 से अधिक आगंतुकों को नर्सिंग छात्रों द्वारा स्वास्थ्य जागरूक किया गया।

## इस बार 180000 ऑपरेशन का था टार्गेट, हुई करीब 125000 सर्जरी

# मोतियाबिंद मुक्त अभियान, सवा लाख की सर्जरी के बाद टार्गेट से तीस प्रतिशत पिछड़ा स्वास्थ्य विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मोतियाबिंद अंधत्व मुक्ति के लिए चलाए जा रहे अभियान में सवा लाख सर्जरी के बाद स्वास्थ्य विभाग निर्धारित लक्ष्य से तीस फीसदी पिछड़ गया। इस बार मोतियाबिंद की सर्जरी के लिए 1.80 लाख ऑपरेशन करने का लक्ष्य रखा गया था, जिसकी तुलना में विभागीय अमला 1.25 लाख सर्जरी करने में सफल हो पाया। पिछले साल यानी वर्ष 2024-25 में 1.40 लाख के टार्गेट की तुलना में 1.45 लाख 580 ऑपरेशन कर उपलब्धि दर्ज की गई थी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेश को मोतियाबिंद अंधत्व से मुक्त करने का लक्ष्य लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए प्रभावित मरीजों की पहचान कर उनके ऑपरेशन आंखों की रोशनी लौटाई जा रही है। इसके लिए शासकीय स्तर पर तमाम जिलों में सुविधा उपलब्ध कराने के साथ प्रायवेट सेक्टर की मदद भी ली जा रही है। मैदानी अमले द्वारा पिछले साल अपने निर्धारित लक्ष्य से आगे बढ़ते हुए 104 फीसदी टार्गेट को पूरा किया गया था। इसे देखते हुए इस बार टार्गेट को 1.40 से बढ़ाकर 1.80 लाख कर दिया गया। विभागीय टीस मौजूद संसाधनों के आधार पर तमाम 33 जिलों में सर्जरी करते हुए अपने 70 प्रतिशत टार्गेट को पूरा करने में सफल हो पाई। उनके द्वारा अब तक करीब सवा लाख लोगों का ऑपरेशन किया गया। राज्य में इस अभियान की शुरुआत वर्ष 2022 में की गई थी और हर साल लक्ष्य निर्धारित कर एक लाख से ज्यादा ऑपरेशन को पूरा किया जा रहा है।

- पिछले साल 140000 के लक्ष्य की तुलना में 145580 की उपलब्धि

### अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम (नवंबर तक)

| कार्यक्रम | लक्ष्य | उपलब्धि |
|---|---|---|
| छात्रों को चश्मा | 44000 | 24278 |
| प्रेस बायोपिक चश्मा | 45000 | 30743 |
| अन्य नेत्र रोग | 95000 | 68893 |
| नेत्रदान | 500 | 293 |

### ग्लूकोमा वीक मिले 215 पीड़ित

अंधत्व निवारण कार्यक्रम की राज्य नोडल अधिकारी डा. निधि अत्रीवाल ने बताया कि लाइलाज ग्लूकोमा यानी काला मोतिया से पीड़ितों की पहचान के लिए मार्च महीने में चलाए गए सप्ताहभर अभियान में शासकीय अस्पतालों में करीब 50 हजार लोगों की जांच की गई। जांच के दौरान 215 लोगों को आंख की इस बीमारी के लिए संदिग्ध पाया गया। इन मरीजों को आंखों की रोशनी बचाने के लिए नियमित रूप से आंखों में दवाई डालने की नसीहत दी गई। यह बीमारी बार-बार चश्मे का नंबर बढ़ना और सिरदर्द को सामान्य समस्या माना जाता है, मगर इसका कारण ग्लूकोमा भी हो सकता है।












छग के 180 एथलीट्स पर टिकी निगाहें, रायपुर के साथ जगदलपुर और सरगुजा में आयोजित होंगी प्रतियोगिताएं

# खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का आज से शंखनाद 106 स्वर्ण पदकों के लिए भिड़ेंगे 3800 खिलाड़ी

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की मेजबानी के लिए छत्तीसगढ़ पूरी तरह तैयार है। देर रात तक साइंस कॉलेज मैदान मंगलवार को तैयारियों का दौर चलता रहा। देशभर से खिलाड़ी रायपुर पहुंच चुके हैं। प्रेसवार्ता में उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में 30 राज्य और केंद्रशासित प्रदेश हिस्सा लेंगे और कुल नौ खेलों का आयोजन होगा।




**रायपुर।** तीरंदाजी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, तैराकी, वेटलिफ्टिंग और कुश्ती में पदक दिए जाएंगे, जबकि मलखंब और कबड्डी प्रदर्शन खेल के रूप में शामिल होंगे। करीब 3,800 प्रतिभागी इन खेलों में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिताएं रायपुर, जगदलपुर और सरगुजा में आयोजित की जाएंगी। कुल 106 स्वर्ण पदक दांव पर होंगे। एथलेटिक्स में सर्वाधिक 34 स्वर्ण पदक दिए जाएंगे। तैराकी (24), कुश्ती (18), वेटलिफ्टिंग (16) और तीरंदाजी (10) में भी दो अंकों में स्वर्ण पदक होंगे। हॉकी और फुटबॉल टीम खेल हैं, जिनका आयोजन रायपुर में होगा। एथलेटिक्स जगदलपुर में और कुश्ती सरगुजा में आयोजित की जाएगी।

## खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर कोच नजर रखेंगे

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के इस उद्घाटन संस्करण में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय खेल महासंघों द्वारा आयोजित ट्रायल्स के माध्यम से किया गया है। खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा नियुक्त कोच नजर रखेंगे। श्री तिर्की ने कहा कि हमारे सभी आदिवासी खिलाड़ी और बच्चे खेलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाएं, देश के लिए खेलें और अपना करियर बनाएं।








## आदिवासी समुदाय से निकले खिलाड़ियों के लिए मंच

भारत के शीर्ष खिलाड़ी, हॉकी ओलंपियन दिलीप तिर्की, सलीमा टेटे और शीर्ष धावक अनिमेष कुजूर ने कहा कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स खेलों में करियर बनाने और आदिवासी समुदाय से निकले दिग्गज खिलाड़ियों से प्रेरणा लेने का एक शानदार मंच है।" हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और पूर्व ओलंपियन दिलीप तिर्की ने कहा कि मेरे लिए और हम सभी के लिए यह गर्व की बात है कि देश में पहली बार इस तरह की चैंपियनशिप शुरू हो रही है।

## लैंगिक समानता के साथ खिलाड़ी खेलेंगे

मेजबान राज्य छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड और असम से 100 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। पुरुष और महिला खिलाड़ियों का अनुपात लगभग 50-50 रहेगा, जो ओलंपिक चार्टर में लैंगिक समानता के सिद्धांत के अनुरूप है। राष्ट्रीय 100 मीटर और 200 मीटर रिकॉर्ड धावक और भारत के उभरते एथलेटिक्स स्टार अनिमेष कुजूर ने साई मीडिया से कहा कि भारत में अभी भी कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां खेल पूरी तरह नहीं पहुंचे हैं। ऐसे में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का आयोजन और भी खास बन जाता है।

---

**सिटी इवेंट**

## समकालीन चुनौतियों के समाधान के लिए अंतर्विषयक दृष्टिकोण जरूरी



**रायपुर।** शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय में एक्सप्लोरिंग इंटरडिसिप्लिनरी पाथवेज़ इन साइंस, इनोवेशन एंड सस्टेनेबिलिटी विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। इस सम्मेलन में देशभर से आए शिक्षाविदों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. गुफरान बेग, आशुतोष मुखर्जी चेयर प्रोफेसर, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज , इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस बेंगलुरु रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. डब्ल्यू. बी. गुर्नुले, रसायन शास्त्र विभाग, आरटीएम नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर तथा प्रो. डॉ. ओमप्रकाश व्यास, कुलपति एवं निदेशक, ट्रिपलआईटी नया रायपुर, छत्तीसगढ़ उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं सम्मेलन के संरक्षक डॉ. अमिताभ बनर्जी ने अपने संबोधन में समकालीन वैज्ञानिक एवं पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान हेतु अंतर्विषयक दृष्टिकोण की महत्ता पर प्रकाश डाला। डॉ. अरुण मिश्रा (प्राचार्य, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुरूद), डॉ. शम्श परवेज एवं डॉ. बी. के. शर्मा तकनीकी सत्रों के अध्यक्ष रहे। प्रथम दिवस में प्रो. गुफरान बेग ने "सफ़र अ जर्नी ऑफ द एयर वी ब्रीद विषय पर अत्यंत ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया। प्रो. डब्ल्यू. बी. गुर्नुले ने "ग्रीन अप्रोच फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट यूज़िंग नैनोमटेरियल्स" विषय पर व्याख्यान देते हुए पर्यावरण अनुकूल नवाचारों पर जोर दिया। वहीं प्रो. (डॉ.) ओम प्रकाश व्यास ने "एआई एज़ एन इनेबलिंग टेक्नोलॉजी मैथमेटिकल फाउंडेशंस ऑफ डेटा मैनेजमेंट, मशीन लर्निंग एंड प्रोसेस इंटेलिजेंस" विषय पर अपने विशेषज्ञ विचार साझा किए।

**सांइस कॉलेज में विज्ञान, नवाचार व सतत विकास पर राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ**

### 20 से अधिक शोधार्थियों ने पेश किए शोध कार्य

तकनीकी सत्रों में जैविक विज्ञान के क्षेत्र से जुड़े 20 से अधिक शोधार्थियों ने अपने शोध कार्य प्रस्तुत किए। इस सत्र की अध्यक्षता डॉ. रेनू महेश्वरी, प्राचार्य, शहीद राजीव पांडेय शासकीय महाविद्यालय, भाठागांव ने की। सम्मेलन में संयोजक डॉ. संजय घोष एवं डॉ. वर्षा करंजगांवकर हैं, सह-संयोजक डॉ. प्रीति मिश्रा एवं डॉ. सुनीता पात्रा ,सचिव डॉ. सरोज शर्मा तथा संयुक्त सचिव योगेश्वरी पाल उपस्थित थे। महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय रूप से उपस्थित थे।इस सम्मेलन में 120 से अधिक शोधार्थियों एवं प्राध्यापकों ने पंजीयन कराया है और वे विशेषज्ञ व्याख्यानों एवं शैक्षणिक चर्चाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। सम्मेलन का आयोजन कल भी विभिन्न तकनीकी सत्रों एवं चर्चाओं के साथ जारी रहेगा। सम्मेलन के दूसरे दिवस में डॉ. नीतू भटनागर, प्रोवोस्ट एवं प्रोफेसर, रसायन शास्त्र, मणिपाल विश्वविद्यालय, जयपुर, डॉ. राजकिशोर पटेल, प्रोफेसर, एनआईटी राउरकेला तथा डॉ. केएस पटेल, प्रोफेसर, रसायन शास्त्र, एमिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, एमिटी यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़, रायपुर अपने व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे। साथ ही रसायन एवं भौतिक विज्ञान के शोधार्थी अपने शोध कार्य प्रस्तुत करेंगे।

## जेंडर समानता और सामाजिक सुधार पर महामंथन तृतीय लिंग समुदाय के अधिकारों पर की चर्चा

**रायपुर।** शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय 'राष्ट्रीय संकाय विकास कार्यक्रम का समापन हुआ। यह कार्यक्रम केवल एक शैक्षणिक आयोजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जेंडर समानता और सामाजिक सुधार की दिशा में बेहतर कदम साबित हुआ। कार्यशाला ने सैद्धांतिक जेंडर स्टडीज और कक्षाओं में इसके व्यावहारिक उपयोग के बीच की दूरी को सफलतापूर्वक कम किया। सप्ताह भर चले इस महामंथन में डॉ. जेसी अजवानी और प्रो. नीलिमा चौहान जैसे विशेषज्ञों ने गहरी पैठ बना चुके पूर्वाग्रहों (आयुवाद, जातिवाद और लिंगवाद) को खत्म करने पर जोर दिया। विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया कि प्रगति के लिए पुरानी रूढ़िवादी सोच को 'अनलर्न' करना (भूलना) बेहद जरूरी है। वहीं, विद्या राजपूत और डॉ. जया जादवानी के सत्रों ने एलजीबीटी और तृतीय लिंग समुदायों के अधिकारों पर प्रकाश डाला और पारंपरिक जेंडर बॉक्स की सोच को चुनौती दी।



### नई पीढ़ी के दृष्टिकोण में हुआ संवाद

कार्यक्रम के अंतिम दिनों में शिक्षकों को सूक्ष्म-आक्रामकता पहचानने, जेंडर-न्यूट्रल भाषा अपनाने और ग्रामीण छात्राओं के ड्रॉपआउट (पढ़ाई छोड़ने) के कारणों को दूर करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। पूर्व प्राचार्य डॉ. किरण गजपाल के अनुभव और नई पीढ़ी के दृष्टिकोण के बीच हुए संवाद ने इस कार्यशाला को और भी असरदार बना दिया। समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ. जया तिवारी और आयोजन समिति की उपस्थिति में सभी प्रतिभागियों और छात्रों ने एक सुरक्षित व जेंडर-न्यूट्रल कैंपस बनाने की सामूहिक शपथ ली। इसके साथ ही, शैक्षणिक पाठ्यक्रम में विविध विमर्शों को शामिल करने और इस संवाद को कार्यशाला के बाद भी निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया गया।

## प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा के लिए 17 अप्रैल तक आवेदन

रायपुर। शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा के लिए 17 अप्रैल 2026 तक विभाग की आधिकारिक वेबसाइट **https://eklavya.cg.nic.in/PRSMS/Student-Admission-Detail** पर आवेदन कर सकते है। यह जानकारी जिले के आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने दी है।प्रदेश के प्रतिभावन विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, क्लैट तथा एनडीए की प्रतियोगी भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए है। विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल 2026 तक ऑनलाइन आवेदन किए गए विद्यार्थी द्वारा त्रुटि सुधार 18 से 21 अप्रैल तक, प्रवेश पत्र डाउनलोड 1 मई से 9 मई तक कर सकते है। प्रक्चयन परीक्षा 10 मई 2026 को आयोजित होगी। उक्त संबंध में अधिक जानकारी के लिए विभागीय वेबसाईट एवं जिले के सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यलय परियोजना प्रशासक, एकी० आदि० वि० परि० बैकुण्ठपुर से प्राप्त कर सकते है।

### 12वीं के विद्यार्थियों की आईटीआई ट्रेड की परीक्षा 1 अप्रैल से

राज्य व्यावसायिक परीक्षा (एससीव्हीटी) एवं हायर सेकेण्डरी व आईटीआई की संयुक्त अध्यापन योजना में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों की आईटीआई ट्रेड की परीक्षा (पुरानी प्रणाली एवं नई परीक्षा प्रणाली) माह अप्रैल 2026 की प्रायोगिक एवं सैध्दांतिक परीक्षाएं 1 अप्रैल से 10 अप्रैल 2026 तक संपन्न होनी है। उक्त परीक्षा हेतु छमाही व्यवसाय के नियमित पात्र प्रशिक्षणार्थी एवं अन्य व्यवसाय के पूरक पात्र प्रशिक्षणार्थी जिनके प्रयास शेष हैं, आवेदन कर सकते है। सभी पात्र प्रशिक्षणार्थी अपनी संस्था में स्वयं उपस्थित होकर परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते है। आवेदन की अंतिम तिथि 25 मार्च 2026 तक है।

**बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा और संवेदनशील विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला**

## जब तक हम दूसरों के बच्चों को अपने की तरह नहीं देखेंगे, तब तक समग्र विकास संभव नहीं

**कार्नर न्यूज**



**रायपुर।** मंगलवार को बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा और संवेदनशील मुद्दों पर राज्यस्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा होटल बेबीलॉन इन फाफाडीह में आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। कार्यशाला के तकनीकी सत्रों में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की प्रतिनिधि शाइस्ता शाह ने स्कूल सुरक्षा और पॉक्सो ट्रैकिंग पोर्टल की जानकारी दी, वहीं रायपुर कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने लॉ एंड ऑर्डर विभाग की संवेदनशील भूमिका और बाल तस्करी रोकथाम पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया।



### पारिवारिक वातावरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया

किशोर न्याय अधिनियम 2015, मादक द्रव्यों के उन्मूलन, नशामुक्ति केंद्रों की स्थापना और आफ्टर केयर व्यवस्था को मजबूत करने पर भी चर्चा की गई। कार्यशाला में सभी जिलों के जिला शिक्षा अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी,एसजेपीयू, पुलिस एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों के अधिकारों की प्रभावी सुरक्षा और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए समन्वित कार्ययोजना तैयार करना रहा। वहीं राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने कहा कि बच्चे राष्ट्र की नींव हैं और उनकी सुरक्षा केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि संवेदनशीलता का विषय है। उन्होंने कहा कि केवल चिंतन नहीं, बल्कि ठोस मंथन और कार्ययोजना की जरूरत है। अपने जिलों के दौरे का उल्लेख करते हुए उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं और बाल गृहों में पारिवारिक वातावरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

### हर बच्चा अपना, यही सोचकर विभाग करें बाल संरक्षण

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कार्यशाला में अपना विचार रखते हुए कहा कि बच्चों को ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सही दिशा और संवेदनशील वातावरण देना आवश्यक है। जब तक हम दूसरों के बच्चों को अपने बच्चों की तरह नहीं देखेंगे, तब तक समग्र विकास संभव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों के समन्वय से बाल संरक्षण व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा।



समाज लाइव

## साहू समाज ने मनाई माता कर्मा जयंती, विभूतियों का हुआ सम्मान



**रायपुर।** साहू समाज की कुलदेवी भक्त माता कर्मा की जयंती सड्डू में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू उपस्थित रहे, वहीं अध्यक्षता नगर निगम की जोन अध्यक्ष साधना प्रमोद साहू ने की। कार्यक्रम के दौरान उनकी उपस्थिति को समाज के युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया गया। अतिथियों ने समाज की एकजुटता एवं विकास के लिए निरंतर कार्य करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत भव्य शोभायात्रा से हुई। इसके पश्चात माता कर्मा की आरती की गई, अतिथियों का स्वागत हुआ और सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान समाज की दो विभूतियों अनंतराम साहू एवं डॉ. सरोज साव को समाज के प्रति उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर-3 स्थित मां दुर्गा पंडाल स्थल, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सड्डू में किया गया। अंत में सामूहिक रात्रि भोज का आयोजन हुआ, जिसमें सभी ने मिलकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के समापन पर राजेश साहू, जगन्नाथ साहू, प्रवीण साहू, नंद साहू, तिलक साहू, फिरतराम साहू, सतीश साहू एवं समस्त तेली समाज के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी समाजजनों का आभार व्यक्त किया।

धर्म लाइव

## भजन संध्या में महिलाओं ने पढ़ा सुंदरकांड, भक्ति गीतों की भी प्रस्तुति



**रायपुर।** वनबंधु परिषद महिला समिति की ओर से रुति लाइफ स्टाइल के मंदिर प्रांगण में सुंदरकांड पाठ व भजन का भव्य आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान पूरा वातावरण भक्ति, उत्साह और आनंद से सराबोर हो गया। प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता खंडेलवाल ने बताया कि सभी भक्तों ने बड़े श्रद्धा भाव से सुंदरकांड पाठ में सहभागिता निभाई और भजनों के माध्यम से भक्तिमय माहौल को और भी मनमोहक बना दिया। वही कार्यक्रम का विशेष आकर्षण फूलों की होली रही, जिसमें सभी बहनों ने प्रेम, उल्लास और सौहार्द्र के साथ भाग लिया। फूलों की सुगंध और रंगों से सजा यह आयोजन अत्यंत सुंदर, हर्षोल्लासपूर्ण और यादगार रहा। महिला समिति की अध्यक्ष कांता सिंघानिया ने कहा कि सुंदरकांड पाठ मधु मित्तल द्वारा किया गया। साथ ही राजश्री शैल यदु एवं संध्या गुप्ता ने भी मधुर वाणी से सुंदरकांड पाठ में भावपूर्ण मनमोहक प्रस्तुति दी। वही सचिव सरिता रेखानी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि वनबंधु परिषद महिला समिति की सभी उपस्थित बहनों के सहयोग, समर्पण एवं उत्साह से यह कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा।

सिटी इवेंट

## मानव तस्करी रोकने के लिए जागरूकता जरूरी, कार्यशाला में बनाई साझा रणनीति



**रायपुर।** रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से डब्ल्यूआरएस के रेलवे उल्लास भवन सभागार में मानव तस्करी रोधी जागरूकता विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य मानव तस्करी जैसे गंभीर अपराध के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा इसके प्रभावी नियंत्रण के लिए विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित करना रहा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डेलिना खोंगडुप सदस्य राष्ट्रीय महिला आयोग उपस्थित रहीं। साथ ही नौशीना आफरीन अली, वरिष्ठ अधिवक्ता, उच्च न्यायालय बिलासपुर, डॉ. संजीव शुक्ला, पुलिस आयुक्त रायपुर, दिव्यांग पटेल, रेलवे पुलिस अधीक्षक, पी. दयानंद, मंडल रेल प्रबंधक रायपुर व विपिन ठाकुर, छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रमुख, बचपन बचाओ आंदोलन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने विभिन्न अनुभवी वक्ताओं द्वारा मानव तस्करी रोधी विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया तथा अपने अनुभव साझा किए गए। इस कार्यशाला में स्थानीय पुलिस, शासकीय रेलवे पुलिस, रेलवे सुरक्षा बल, वाणिज्य विभाग, परिचालन विभाग, स्टेशन में कार्यरत कुली एवं विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों के लगभग 222 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

● अंतर्राष्ट्रीय शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देने पं. रविवि ने बनाया नियम, कृषि विवि ने किया एमओयू

# छग के विश्वविद्यालयों में पोलैंड, जर्मनी, ईरान, उज्बेकिस्तान के स्टूडेंट्स इतिहास, योग के साथ कृषि भी पढ़ेंगे

राज्य के सरकारी विश्वविद्यालयों में नए शिक्षण सत्र से विदेशी स्टूडेंट्स ग्रेजुएशन व शोध की पढ़ाई करते नजर आएंगे। इसके लिए विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ पढ़ाई व रिसर्च को लेकर एमओयू और फॉरेन विजिट में संस्थान के प्रोफेसर जुटे हुए हैं। पं. रविशंकर विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ फिजिकल एजुकेशन में योग, खेलकूद की पढ़ाई करने पोलैंड, जर्मनी, फ्रांस और ईरान के विश्वविद्यालयों के स्टूडेंट्स ने इच्छा जताई है।



**रायपुर।** विश्वविद्यालय के इतिहास, गणित, तकनीकी शिक्षा विभागों के लिए भी स्टूडेंट्स पढ़ाई को बेताब हैं। इसकी जानकारी पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ फिजिकल एजुकेशन के एचओडी और फॉरेन विजिटिंग प्रोफेसर डॉ. राजीव चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि वह लगातार अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को आकर्षित करने पोलैंड, जर्मनी, ईरान, फ्रांस जैसे देशों का दौरा किए हैं, जहां के स्टूडेंट्स पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में आगामी शिक्षण सत्र से विजिट व एडमिशन लेने की इच्छा जाहिर किए हैं। वहीं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में भी कृषि शिक्षण व शोध के लिए विदेशी स्टूडेंट्स पहुंचेंगे। इस तरह से राज्य के विश्वविद्यालयों में भी विदेशी स्टूडेंट्स उच्चतर शिक्षा ग्रहण कर नजर आएंगे। यह राज्य में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षण के दिशा में नया आयाम होगा, जो गर्व की बात होगी। साथ ही स्थानीय स्टूडेंट्स को भी लाभ मिलेगा।



### प्रतिभाशाली अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए बनाया नियम

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर सच्चिदानंद शुक्ला ने बताया कि वर्ष 2024 में प्रतिभाशाली अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को सुविधा प्रदान करने और आकर्षित करने के लिए विश्वविद्यालय ने भारत सरकार के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मानदंडों के अनुसार नियम अनुमोदित किया है। इसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों के अनुरूप, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर एक जीवंत अंतर्राष्ट्रीय शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।





### कृषि विश्वविद्यालय में इस सत्र से आएंगे स्टूडेंट्स

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने बताया कि छत्तीसगढ़ के कृषि शिक्षा क्षेत्र को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। कृषि विश्वविद्यालय ने उज्बेकिस्तान के पांच प्रमुख विश्वविद्यालयों के साथ शिक्षा और अनुसंधान सहयोग के लिए समझौते किए हैं। इनमें ताशकंद स्टेट एग्रेरियन यूनिवर्सिटी, बुखारा स्टेट यूनिवर्सिटी, समरकंद स्टेट वेटेरिनरी यूनिवर्सिटी, तेरमेज पेडागोजिकल इंस्टीट्यूट, डेनोव इंस्टीट्यूट ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागोजी शामिल है। इससे आगामी शिक्षण सत्र से उक्त विश्वविद्यालयों के स्टूडेंट्स कृषि की पढ़ाई के लिए आएंगे।

### विदेशी विश्वविद्यालयों से बातचीत का दौर जारी

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ फिजिकल एजुकेशन के एचओडी और फॉरेन विजिटिंग प्रोफेसर डॉ. राजीव चौधरी ने बताया कि विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर सच्चिदानंद शुक्ला के निर्देशानुसार सभी विभाग के एचओडी द्वारा लगातार अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को आकर्षित करने विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ संवाद किया जा रहा है। कई फॉरेन विश्वविद्यालयों ने अंतर्राष्ट्रीय शिक्षण वातावरण को बढ़ावा की इच्छा जताई है। इनमें पोलैंड, जर्मनी, ईरान, फ्रांस जैसे देश शामिल हैं।

## रामजी की निकली सवारी... ढोल-नगाड़े के साथ शोभायात्रा



**रायपुर।** भगवान श्रीलक्ष्मीनारायण सेवा समिति बरईपारा लिली चौक पुरानी बस्ती द्वारा भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सोमवार को शाम 7.30 बजे नवरात्रि पंचमी के शुभ अवसर पर महाराष्ट्र नागपुर से धुमाल और ढोल-ताशा के साथ भगवान श्रीरामजी की भव्य शोभायात्रा निकली। यह शोभायात्रा लिली चौक पुरानी बस्ती से शीतला मंदिर, बुढ़ापारा, सिटी कोतवाली, सदरबाजार, सत्तीबाजार, कंकालीपारा होते वापस लिली चौक पुरानी बस्ती में समाप्त हुई। रास्ते में विभिन्न संगठनों द्वारा शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। कैला देवी मंदिर समिति बुढ़ापारा, गणेश उत्सव समिति जगन्नाथ मंदिर, सदरबाजार, सत्तीबाजार में भव्य स्वागत किया गया। आयोजनकर्ता अनु सोनी, पार्थ महोबिया, हर्ष कसेर, अनिकेत अग्रवाल, सौम्य पी. गुप्ता, विजय देवांगन, अभय भोयर और मोहल्ले के समस्त वरिष्ठजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## समाज की उत्कृष्ट महिलाओं का आज सम्मान करेगी जेसीआई

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज, रायपुर द्वारा जेसीआई रायपुर मैक यूनाइटेड (जोन-27) के सहयोग से सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 25 मार्च को प्रातः 10.30 बजे से महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं की भूमिका, उनके साहस, समर्पण, नेतृत्व क्षमता एवं उत्कृष्ट योगदान को सम्मानित करना तथा महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली विशिष्ट महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन महाविद्यालय के चेयरमैन डॉ. रमेश अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन राजेश अग्रवाल, सेक्रेटरी सरिता अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. जैस्मिन जोशी तथा उप-प्राचार्य डॉ. श्वेता तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. वर्णिका शर्मा (अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग) की उपस्थिति रहेगी। उनके प्रेरणादायक विचार एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम को नई दिशा प्रदान करेंगे। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण, नेतृत्व क्षमता एवं समाज निर्माण में महिलाओं के महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करते हुए युवाओं को प्रेरित करने का एक सशक्त मंच प्रदान करेगा। यह कार्यक्रम न केवल महिलाओं की उपलब्धियों का उत्सव है, बल्कि समाज में समानता, सम्मान और सशक्तिकरण के संदेश को भी सुदृढ़ करेगा।

## ईसाई समुदाय ने कलवारी पहाड़ डोंगरगढ़ के लिए निकाली पदयात्रा



**रायपुर।** मंगलवार को संत जोसेफ महा गिरजाघर बैरन बाजार से कलवारी पहाड़ डोंगरगढ़ तक चार दिवसीय पदयात्रा की शुरुआत की गई। पदयात्रा का आयोजन क्रूसमार्ग पदयात्रा आयोजन समिति द्वारा किया गया। इसका उद्देश्य विश्व शांति-मानव कल्याण, राष्ट्र एवं राज्य की सुख-समृद्धि की कामना और आपसी भाईचारा बढ़ाना है। इस चार दिवसीय पदयात्रा को कैथोलिक ईसाई समुदाय के धर्मगुरु आर्च बिशप डॉ. विक्टर हेनरी ठाकुर, रेव्ह. फादर सेबेस्टियन, पल्ली पुरोहित रेव्ह. फादर जॉन सेवियर, रेव्ह. फादर मांणी, रेव्ह. फादर क्रोसलीन, रेव्ह. फादर ऐरोन मरिया जोसफ सहायक पल्ली पुरोहित द्वारा प्रभु यीशु मसीह के क्रूसमार्ग के प्रथम स्थान प्रभु यीशु को प्राण दण्ड की आज्ञा दी जाती है, की बिनती प्रार्थना कर आर्च बिशप रेव्ह डॉ. विक्टर हेनरी ठाकुर के अगवाई में क्रूसमार्ग पदयात्रा प्रारंभ की गई। दूसरे दिन का पदयात्रा सुबह 6 बजे प्रारंभ कर अंजोरा सोमनी होते हुए संत जान बेप्टिस्ट चर्च राजनांदगांव में विश्व शांति मानव कल्याण आपसी भाईचारा सद्भावना की बिनती प्रार्थना कर विश्राम किया जाएगा। वहीं तीसरे दिन 26 मार्च को सुबह 6 बजे पदयात्रा प्रारंभ कर, बिनती प्रार्थना करते हुए सुकुल दैहान होते हुए रात्रि 8 बजे कलवारी पहाड़ डोंगरगढ़ पहुंचकर विश्व शांति-मानव कल्याण व भारत राष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ राज्य की सुख-शांति, समृद्धि आपसी भाईचारा, सद्भावना के लिए बिनती-प्रार्थना करते हुए रात्रि विश्राम कर, चौथे दिन शुक्रवार 27 मार्च को सभी यात्री एकजुट होकर अपने हाथों में पवित्र क्रूस लेकर कलवारी पहाड़ डोंगरगढ़ में बने प्रभु यीशु मसीह के क्रूस मरण के 14 स्थानों पर बिनती-प्रार्थना करते हुए पवित्र मिस्सा बलिदान पूजन विधि से करेंगे।

### पदयात्रा में 400 से अधिक सदस्य ले रहे हिस्सा

संयोजक गुरविंदर सिंह चड्ढा ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से ईसाई समुदाय के लगभग 400 से 450 सदस्यों के हिस्सा लेने की उम्मीद जताई हैं। मुख्य बिनती-प्रार्थना में उपदेशक-सरजियस मिंज, दिलप्रीत सिंह चड्ढा, गुरप्रीत जॉर्ज, मार्गदर्शक एसएस तिग्गा, सिलवेस्तर एक्का, कानूनी सलाहकार विकास भास्कर, पास्टर रेव्ह. अनिल कुमार, पास्टर रेव्ह. सिमोन पतसर, पास्टर केदार मित्तल की उपस्थिति में पदयात्री टाटीबंध, कुम्हारी, चरोदा, भिलाई पॉवर हाउस, सुपेला, सेक्टर-6, गोल्फ चौक होते हुए संत विंसेंट डी पॉल चर्च जिला-दुर्ग में विश्व शांति मानव कल्याण, आपसी भाईचारा के लिए बिनती-प्रार्थना कर रात्रि विश्राम किया जाएगा।

भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव 2026 का सकल जैन समाज का आयोजन

कार्नर न्यूज



## साइबर धोखाधड़ी से बचने बताई नई तकनीक डिजिटल सुरक्षा पर भी समाज को दिए टिप्स

**रायपुर।** भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव 2026 का सकल जैन समाज द्वारा विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। महोत्सव के अंतर्गत श्री दिगम्बर जैन आदिश्वर महिला मंडल, डीडीनगर की ओर से एआई ऑटोमैटिक व साइबर सेक्योरेटी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आधुनिक तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट राजीव जैन व एआई एक्सपर्ट लक्षित सेठिया ने उपस्थित जनसमूह को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव, डिजिटल सुरक्षा और नई तकनीकों के उपयोग के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में आईपीएस अधिकारी मिलना कुर्रे, आईजी सीआईटी व न्यायाधीश सुश्री रिद्धि बुरड़ उपस्थित रहीं। इस दौरान उन्होंने साइबर क्राइम से बचने के उपाय बताए।



### 36 यूनिट डोनेशन, रक्तदाताओं का सम्मान

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 2026 में सेवाकार्य अंतर्गत 16 से 30 मार्च तक 15 दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इसी क्रम में शंकरनगर के संदीप भवन में मंगलवार को 36 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं ने सभी से रक्तदान करने और जरूरतमंदों की मदद करने की अपील की। शिविर में रक्तदाताओं को शंकरनगर मंडल की ओर से सम्मानित किया गया।

### शंकरनगर में निकली प्रभात फेरी

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 2026 के अंतर्गत राजधानी के विभिन्न जैन मंदिरों से 15 दिनों तक प्रभात फेरी निकाली जा रही है। महावीर जयंती तक हर दिन यह आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ श्वेताम्बर जैन मंदिर शंकरनगर से श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर होते हुए संदीप भवन तक प्रभात फेरी निकाली गई। शंकरनगर मंडल के संदीप बैद ने बताया कि प्रभात फेरी के दौरान पुरुष सफेद और महिलाएं केसरिया रंग के वस्त्रों में शामिल हुईं। बच्चों ने हाथ में तख्ती लेकर भगवान महावीर स्वामी का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। साथ ही बच्चों ने प्रश्नोत्तरी में भाग लिया और जैन धर्म से संबंधित प्रश्नों के उत्तर दिए।



## सिटी स्पोर्ट्स

### राइट्स, यूआरएम और ब्लास्ट फर्नेस ने जीते अपने-अपने मैच



**भिलाई।** बीएसपी फ्रेंड्स क्लब द्वारा आयोजित फ्रेंड्स कप प्रो-सॉफ्टबॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत मंगलवार को शानदार मुकाबले हुए। पहला मैच राइट्स ने ओए के विरुद्ध 7 विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच अंकित सिंह रहे। दूसरे मैच में यू आर एम ने टी एन डी एवं सर्विसेस को 57 रन से हराया। प्लेयर ऑफ द मैच मुकेश रहे। तीसरे मैच में यूआरएम (आर) को ब्लास्ट फर्नेस ने 5 विकेट से हराया। प्लेयर ऑफ द मैच अश्वनी सिंह रहे। अंपायर विकास नेहरा, विवेक सिंघम, अभय यादव, विनय एवं संजय स्कोरर विनोद देवघरे, अनिल सिंह, महेंद्र व मिथुन थे। उल्लेखनीय है कि बीएसपी फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित फ्रेंड्स ट्रॉफी प्रो सॉफ्ट बाल क्रिकेट प्रतियोगिता बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 1 में जारी है। इस प्रतियोगिता में चार पूल बनाए गए हैं। प्रत्येक पूल में चार टीम में रखी गई है। इस प्रकार कुल 16 टीम में भाग ले रही है। प्रतियोगिता लीग कम नॉकआउट पद्धति पर आधारित है। यह प्रतियोगिता 23 मार्च से 30 मार्च तक आयोजित है। प्रतियोगिता 10-10 ओवरों की खेली जाएगी। पूल ए में सीआईएसएफ, कोक ओवन एवं सीसीडी की संयुक्त टीम, मेडिकल एवं यू आर पूल बी में यू आर एम एवं एसपी 3 और सर्विसेज है। पूल सी में ब्लास्ट फर्नेस एवं प्लेट मिल की संयुक्त टीम बीआरएम, यू आरएम एवं जीआर 11, पूल डी में राइट्स, पीबीएस, एसएमएस-2 एवं 3 की संयुक्त टीम शामिल हैं।

### डी एम सी प्रीमियर लीग में नरसिम्हा पावर हीटर कुम्हारी विजेता



**कुम्हारी।** डी एम सी प्रीमियर लीग कुम्हारी का फाइनल मैच नरसिम्हा पावर हीटर और सीजे टाइटन में मध्य खेला गया। जिसमे नरसिम्हा पावर हीटर कुम्हारी ने 17 रनों से जीत हासिल की। करण कुमार 36 रन बनाकर मेन ऑफ द मैच रहे। इस लीग मैच में कुल 6 टीमों ने हिस्सा लिया था। विगत 6 वर्षों से लगातार इस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। मैच में कमेंट्री उमेश ने की और कार्यक्रम का संचालन इमरान रिज़वी ने किया। इस पूरे आयोजन में वेद प्रकाश साहू, रवि वाधवानी, डॉ टिकेंद्र पटेल, दीपक गोस्वामी, पूर्व पार्षद राजू राव, आलोक सिंह, निज़ाम, राजू मंडल, राकेश, राजेश, शुभम, मनीष, विपुल दुबे, निरंजन, चमन, हितेश , सुमित खोड़ियार और देवाशीष का प्रमुख योगदान रहा।

### एलिट ग्रुप में शानदार मुकाबले



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रथम सेमीफाइनल के दूसरे दिन शानदार मुकाबले हुए। आरडीसीए रायपुर में हुए मैच में बल्लेबाजी करते हुए रायपुर ब्लू की टीम पहली पारी 496 रन पर आउट हो गई। आशीष डेहरिया ने 142 रन, प्रतीक यादव ने 69 रन और मोहम्मद फैज खान ने 62 रन बनाए। गेंदबाजी में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के दिवाकर ताम्रकार ने तीन, अमन मिश्रा और चिन्मय विश्वकर्मा ने दो-दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में बीसीए ने पहली पारी में एक विकेट पर 42 रन बनाए। न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम रायपुर के विरुद्ध प्लेट कंबाइंड टीम पहली-पारी में 127 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में रायपुर टीम पहली पारी में 168 रन पर आउट हो गई। ऋषि शर्मा ने 60, आलोक साहू 41 और गगनदीप सिंह ने 34 रन बनाए। गेंदबाजी में प्लेट कंबाइंड के शशांक तिवारी ने 6 और श्याम सुंदरम ने दो विकेट लिए बल्लेबाजी में ब्रेड कंबाइंड ने दूसरी पारी 4 विकेट पर 92 रन बनाए। इसके पहले 23 मार्च को चौथे दिन शानदार मुकाबले हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम बीएसपी विरुद्ध रायपुर ब्लू में बीएसपी ने 364 रन से मैच जीता एवं 6 अंक प्राप्त किए। बल्लेबाजी में बीएसपी ने दूसरी पारी अपने 22 मार्च के स्कोर 6 विकेट पर 151 रन से आगे खेलते हुए 8 विकेट पर 309 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। अमनदीप खरे ने 89 रन एवं पियूष पिल्लै ने नॉट आउट 57 रन बनाए। बल्लेबाजी में रायपुर ब्लू दूसरी पारी 81 रन पर आउट हुई। गेंदबाजी बीएसपी मनराज सिंह ढिल्लन ने 8 विकेट एवं जीवेश बुट्टे ने दो विकेट लिए। दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में टीम बिलासपुर विरुद्ध जांजगीर चांपा के मैच में बिलासपुर ने यह मैच 273 रन से जीता एवं 6 अंक प्राप्त किए। बल्लेबाजी में जांजगीर चांपा टीम दूसरी पारी में 5 विकेट पर 54 रनो से आगे खेलते हुए 200 रन बनाकर आउट हो गई।

सोशल एंग्जाइटी डिसऑर्डर आज एक आम समस्या होते जा रही, निदान जरूरी

# अनजान लोगों से बातचीत में लगता है डर और कांपने लगते हैं हाथ-पैर, कहीं आप इस कमी के शिकार तो नहीं

सोशल एंग्जाइटी डिसऑर्डर यानि एसएडी एक मानसिक स्वास्थ्य स्थिति है जिसमें व्यक्ति को सामाजिक परिस्थितियों जैसे लोगों के सामने बोलना, नई जगह जाना या किसी से बातचीत करने से डर लगता है। उसे लगता है कि लोग उसे जज करेंगे या उसका मजाक उड़ाएंगे।

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए शारीरिक और मानसिक दोनों तरह की सेहत पर ध्यान देते रहना जरूरी हो जाता है। अक्सर हम सभी अपनी शारीरिक सेहत पर तो ध्यान दे लेते हैं, पर मेंटल हेल्थ को अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है।

मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि काम के बढ़ते दबाव, सोशल मीडिया पर लोगों से अपनी तुलना, असुरक्षा की भावना और अकेलेपन के कारण स्ट्रेस और एंग्जाइटी की समस्या सभी उम्र के लोगों में बढ़ती जा रही है। रिपोर्ट में पहले ही बताया था कि अकेलापन किस तरह से गंभीर बीमारियों, यहां तक कि कैंसर के खतरे तक को बढ़ाने वाला हो सकता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन डब्ल्यूएचओ के अनुसार दुनियाभर में करोड़ों लोग एंग्जाइटी डिसऑर्डर से जूझ रहे हैं। कई मामलों में डर और चिंता इतनी बढ़ जाती है कि रोजमर्रा की जिंदगी, पढ़ाई, नौकरी या रिश्तों



पर असर डालने लगती है। सैड यानी सोशल एंग्जाइटी डिसऑर्डर भी ऐसी ही समस्या है जिसका खतरा युवाओं में काफी तेजी से बढ़ता देखा जा रहा है।

### सोशल एंग्जाइटी डिसऑर्डर के बारे में जानिए



सोशल एंग्जाइटी डिसऑर्डर या सोशल फोबिया ऐसी समस्या है जिसकी अक्सर लोगों में पहचान ही नहीं हो पाती है। इस समस्या के शिकार लोगों को अनजान लोगों से बात करने, नई जगह जाने या लोगों से मिलने में डर लगने लगता है। अक्सर लोग इसे शर्मीलापन समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, हालांकि कुछ लोगों में ये समस्या इतनी बढ़ सकती है कि इसका असर उनके दैनिक जीवन को भी प्रभावित करने लग जाता है।

सोशल एंग्जाइटी डिसऑर्डर को विशेषज्ञ मानसिक स्वास्थ्य स्थिति मानते हैं, जिसकी पहचान और इलाज जरूरी है। इस डिसऑर्डर के कारण रोगी को लगने लगता है कि लोग उसे जज करेंगे या उसका मजाक उड़ाएंगे। अमेरिकन साइकियाट्रिक एसोसिएशन की गाइडलाइन यह डर अगर छह महीने तक बना रहे और दैनिक जीवन को प्रभावित करने लगे तो इसे डिसऑर्डर माना जाता है।

### कैसे की जाती है इस डिसऑर्डर की पहचान?

सोशल एंग्जाइटी डिसऑर्डर के कारण आपको कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं, जिसका असर सामाजिक जीवन पर भी पड़ने लग जाता है। ऐसी स्थितियों से डर लगना जहां आपका नकारात्मक रूप से मूल्यांकन हो सकता है शर्मिंदा या अपमानित महसूस करने की चिंता। अजनबियों से बातचीत करने में डर लगना। यह भी डर रहना कि दूसरे लोग भांप लेंगे कि आप घबराए हुए दिख रहे हैं। इसमें शारीरिक लक्षण भी हो



सकते हैं जैसे कि दूसरों से बातचीत में चेहरा लाल होना, पसीना आना, कांपना या आवाज का लड़खड़ाना। ऐसी स्थितियों से बचना जहां आप सबकी नजरों में हो सकते हैं।

### ये दिक्कत होती क्यों है?

अध्ययनों से पता चलता है कि सोशल एंग्जाइटी डिसऑर्डर के लिए कई जेनेटिक फैक्टर, बचपन का ट्रॉमा, अत्यधिक आलोचना और दिमाग में सेरोटोनिन हार्मोन का असंतुलन होना एक कारण हो सकता है। अगर आपके माता-पिता या भाई-बहनों को यह समस्या है, तो आपको भी सोशल एंग्जायटी डिसऑर्डर होने का खतरा बढ़ जाता है। जिन बच्चों को चिढ़ाया जाता है, तंग किया जाता है और सामाजिक रूप से अक्सर नकारा जाता है, उनमें भी खतरा अधिक होता है।



# हर बच्चा चाहता है कुछ जरूरी बदलाव अपने माता-पिता में

बच्चे चाहते हैं कि उनके मम्मी-पापा में अधिक धैर्य, समझ, प्रोत्साहन और उनके प्रति भरोसा हो। आइए जानते हैं आपके बच्चे के मन की बात। बच्चे अपने पापा और मम्मी में क्या बदलाव चाहते हैं।

### माता-पिता संग अधिक समय बिताना

बच्चे माता पिता के साथ अधिक समय बिताना काफी पसंद करते हैं, जहां उनके बीच अच्छी बातचीत हो। वह लोग साथ में मिलकर खेलें। बच्चा चाहता है कि माता पिता उसके विचारों व भावनाओं में वास्तविक रूचि रखें।

बच्चे चाहते हैं कि उनके माता-पिता अधिक धैर्यवान हों। बिना बीच में टोके ध्यान से उनकी बात सुनें और तुरंत निराशा या आलोचना के साथ प्रतिक्रिया किए बिना उनकी कठिनाइयों को समझें।

### पढ़ाई पर कम दबाव

अधिकांश बच्चे पढ़ाई और खेलने के समय का संतुलन चाहते हैं। वह पढ़ाई के साथ ही अन्य गतिविधियों में रूचि रखथे हैं और वह ये उम्मीद करते हैं कि उनके माता-पिता केवल उपलब्धियों और ग्रेड पर ही ध्यान केंद्रित न करें बल्कि बच्चे के लिए समग्र रूप से सीखने पर फोकस करें।

### भरोसा करें बच्चों पर

बच्चे चाहते हैं कि उनके माता पिता छोटे-मोटे फैसलों को लेकर उनपर भरोसा करें ताकि वे अपने शौक, रुचियों और स्वतंत्रता के बारे में बिना किसी रोक टोक या नियंत्रण के सीख सकें।

# चैत्र नवरात्रि के दौरान जरूर करें खरीदी, घर में आएगी खुशहाली



हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि में कुछ चीजें ऐसी हैं, जिसे खरीदना शुभ माना जाता है। अब ऐसे में इस दौरान किन चीजों की खरीदारी करना शुभ माना जाता है। इसके बारे में विस्तार से जानते हैं। चैत्र नवरात्रि का त्योहार नौ दिनों तक चलता है और इस दौरान मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। चैत्र नवरात्रि में खरीदारी करना शुभ माना जाता है। चैत्र नवरात्रि को किसी भी नए काम की शुरुआत के लिए बेहद शुभ माना जाता है। चैत्र नवरात्रि के दौरान सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। अब ऐसे में चैत्र नवरात्रि के दौरान कुछ ऐसी चीजें हैं, जिसे खरीदने से व्यक्ति के जीवन में खुशियों का आगमन हो सकता है।

### मिट्टी का कलश

नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना की जाती है, जिसके लिए मिट्टी के कलश का उपयोग किया जाता है। मिट्टी के कलश को शुद्ध और पवित्र माना जाता है, इसलिए इसका उपयोग शुभ कार्यों में किया जाता है। ज्योतिष शास्त्र में मिट्टी के बर्तन को समृद्धि का कारक माना गया है। इसलिए मां दुर्गा की पूजा के लिए मिट्टी के बर्तन ही खरीदें।

### चांदी का सिक्का

चैत्र नवरात्रि के दौरान चांदी का सिक्का खरीदना बेहद शुभ माना जाता है। नवरात्रि में चांदी का सिक्का खरीदने से घर में सुख-समृद्धि और धन का आगमन होता है। नवरात्रि में चांदी का सिक्का खरीदने से सौभाग्य बढ़ता है और जीवन में सकारात्मक बदलाव आते हैं। चांदी के सिक्के को नवरात्रि पूजा में रखना शुभ माना जाता है। इससे देवी दुर्गा की कृपा प्राप्त होती है।


### चैत्र नवरात्रि के दौरान खरीदें जौ

जौ को सृष्टि की पहली फसल माना जाता है, इसलिए इसे पूजा में शामिल करना शुभ माना जाता है। नवरात्रि में जौ बोने से देवी दुर्गा प्रसन्न होती हैं और भक्तों को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देती हैं।

### चैत्र नवरात्रि के दौरान खरीदें पीले चावल

पीले चावल को शुभता और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। नवरात्रि में इनका उपयोग देवी दुर्गा की पूजा में किया जाता है, जिससे घर में सुख-शांति और समृद्धि आती है। पीले चावल का उपयोग देवी-देवताओं को आमंत्रित करने के लिए किया जाता है। माना जाता है कि पीले चावल अर्पित करने से देवी-देवता प्रसन्न होते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करते हैं।





















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## एलेक्जेंड्रा और एंड्रयू ने 3 साल बाद अलग होने का किया फैसला



हॉलीवुड से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। अभिनेत्री एलेक्जेंड्रा डैडारियो और फिल्म प्रोड्यूसर एंड्रयू फॉर्म ने शादी के तीन साल बाद अलग होने का फैसला किया है। एलेक्जेंड्रा डैडारियो और एंड्रयू फॉर्म ने जून 2022 में दी की थी। लेकिन अब 3 साल बाद दोनों ने अलग होने का फैसला किया है। इस फैसले के साथ उन्होंने कुछ समय के लिए प्राइवेसी की मांग की है। साथ मिलकर करेंगे बच्चे की परवरिश आधिकारिक बयान में उनके प्रतिनिधि ने इस बात की पुष्टि की। दोनों ने आपसी सहमति से बिछड़ने का फैसला लिया है। उन्होंने बयान में कहा, 'एलेक्जेंड्रा डैडारियो और एंड्रयू फॉर्म ने अलग होने का फैसला किया है। यह फैसला प्यार और सम्मान के साथ लिया गया है। वे अपने बच्चे की साथ मिलकर परवरिश करेंगे और फिलहाल प्राइवेसी की उम्मीद करते हैं।' बता दें कि दोनों ने जून 2022 में न्यू ऑरलियन्स में शादी की थी। उनकी मुलाकात कोविड के दौरान न्यूयॉर्क की एक सड़क पर अचानक हुई थी। इसके बाद 2021 के आखिरी में दोनों ने सगाई की थी। एक पुराने इंस्टाग्राम पोस्ट में एलेक्जेंड्रा ने एंड्रयू को 'सबसे वंडरफुल इंसान' बताया था, हालांकि अब यह पोस्ट डिलीट हो चुकी है। कपल 2024 में एक बेटे के माता-पिता बने। एलेक्जेंड्रा, एंड्रयू के दो बच्चों- रोवन और जूलियन की सौतेली मां भी हैं। इन बच्चों को एंड्रयू अपनी एक्स-वाइफ जोर्डाना ब्रियुस्टर के साथ शेयर करते हैं। करियर की बात करें तो एलेक्जेंड्रा ने 16 साल की उम्र में टीवी शो 'ऑल माय चिल्ड्रन' से एक्टिंग की शुरुआत की थी।

### टॉलीवुड

## मेनन को अधूरी फिल्म के लिए चुकाने पड़ेंगे करोड़ों रुपये, मद्रास उच्च न्यायालय के निर्देश



फिल्म निर्माता गौतम वासुदेव मेनन को कानूनी झटका लगा है। मद्रास हाईकोर्ट ने सोमवार को उनके और उनकी कंपनी फोटॉन फैक्ट्री की अपील खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि उन्हें एक प्रोडक्शन कंपनी आरएस इंफोटेनमेंट को 4.25 करोड़ रुपये और 12 प्रतिशत सालाना ब्याज लौटाना होगा।

साल 2008 में गौतम मेनन की कंपनी फोटॉन फैक्ट्री और आरएस इंफोटेनमेंट के बीच एक नई फिल्म बनाने का समझौता हुआ था। आरएस इंफोटेनमेंट ने फिल्म के लिए 4.25 करोड़ रुपये दे दिए थे। लेकिन फिल्म का निर्माण शुरू ही नहीं हो सका। इसलिए आरएस इंफोटेनमेंट ने पैसे वापस मांगे और कोर्ट में मुकदमा किया।

सिंगल जज ने 2022 में फैसला दिया था कि गौतम मेनन और उनकी कंपनी को पैसे लौटाने चाहिए। अब जाकर दो जजों की बेंच ने भी उसी फैसले को सही ठहराया। कोर्ट ने कहा कि पैसे मिलने के बावजूद फिल्म नहीं बनी, इसलिए गौतम मेनन को यह राशि वापस करनी होगी। गौतम मेनन की टीम ने कोर्ट में दस्तावेज और चार्टर्ड अकाउंटेंट का सर्टिफिकेट दिखाया। उन्होंने कहा कि पैसे फिल्म से जुड़ी वैध गतिविधियों पर खर्च कर दिए गए थे। लेकिन कोर्ट ने इसे मानने से साफ इनकार कर दिया है। उनके वकीलों ने कहा कि आरएस इंफोटेनमेंट ने पूरा पैसा (13.50 करोड़) देने का वादा किया था, लेकिन पूरा पैसा नहीं दिया। इसलिए फिल्म नहीं बन पाई। अब वह इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील करने की सोच रहे हैं। आरएस इंफोटेनमेंट एक बड़ी प्रोडक्शन कंपनी है, जो तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी फिल्में बनाती और डिस्ट्रीब्यूट करती है।

### भोजपुरी

## बिहार दिवस पर नाराज हुए खेसारी ,सोशल मीडिया पोस्ट शेयर कर रखी ये मांग



22 मार्च को बिहार अपना 114वां स्थापना दिवस मनाता है। इस मौके पर भोजपुरी इंडस्ट्री के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने खुद को प्राउड बिहारी बताया है। मगर, साथ ही उनका दुख भी छलक आया है। बिहारी भाषा को संवैधानिक दर्जा प्राप्त नहीं होने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की है। साथ ही इसकी डिमांड की है।

खेसारी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। इसक जरिए उनका कहना है कि पहले विदेश में बिहारियों का होना मजबूरी था, लेकिन अब वे धीरे-धीरे ताकत बन चुके हैं। साथ ही कहा कि हर बिहारी को खुद पर गर्व होना चाहिए। खेसारी ने लिखा है, 'विश्व के हर कोने में बिहारी पसर गए है और जो शायद पहले मजबूरी रही होगी लेकिन अब ताकत होनी चाहिए। बिहारी और बिहार को अब बस अच्छा ब्रांडिंग चाहिए। ये दुनिया कॉस्मेटिक हो चुकी हैं और हम बिहारी आज भी कॉस्मेटिक को ढोंग समझते हैं'। भोजपुरी एक्टर ने आगे लिखा है, 'राजनेताओं को बिहारी का ईगो जगाकर संसद और विधानसभा तक जाना है, लेकिन जब बात भाषा को संवैधानिक दर्जा दिलाने की हो तो सब बहाना खोजते हैं। यकीन मानिए जो इमेज बिहारी की बिहार से बाहर बनाई गई हैं, ठीक वही इमेज भारतीय की भारत से बाहर है। अब चीजें बदल रही हैं। ट्रेडिशनल मीडिया दुनिया को भारत का अच्छा इमेज दिखा रहा हैं तो अब ब्रांड बिहार भी लोगो को दिखाना चाहिए'।

## यूटिलिटी ट्रेंड




साल 2026 में यूटिलिटी ट्रेंड चर्चा में रहा है। ऐसे में समर शो में सफारी जैकेट का क्रेज़ अपने चरम पर पहुँच गया। इस लुक को और हाल के दिनों में भी ज़्यादा ₹हाई-फ़ंक्शनर₹ वाले अंदाज़ के साथ अपडेट किया गया है। गुक्की और जेग्ना की फ़ील्ड जैकेट से लेकर किसी फ़ौजी और शहर में पक्षी देखने वाले का मिला-जुला रूप यहां डिजाइनर पेश कर रहे हैं। बाल्मैन के पूरे सफारी लुक तक, और डियोर की उस बेहद शानदार मगरमच्छ की खाल वाली फ़ील्ड जैकेट तक इस गर्मी में सब कुछ ऐसा दिखने के बारे में है।

## गर्मियों में घर से निकलने से पहले टैनिंग से बचने उठाएं ये उपाय



यदि आप भी गर्मियों में घर से बाहर निकलने से पहले टैनिंग होने से डरती हैं तो आज हम आपको दो ऐसी चीजों के नाम बताने जा रहे हैं। जिनको आप घर से बाहर जाने से पहले अपने फेस पर अप्लाई कर सकती हैं। इससे आप अपने फेस को टेन होने से बचा सकती हैं।

हम तरह-तरह के महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स खरीदते हैं। ताकि स्किन को प्रोटेक्ट किया जा सके। वहीं हर कोई मार्केट में मिलने वाले इन कीमती प्रोडक्ट्स को नहीं खरीद सकता है। ऐसे में कुछ लोग घरेलू उपाय अपनाते हैं, जो कि असरकारी होते हैं और साथ ही हमें इनके लिए ज्यादा पैसा भी खर्च नहीं करना पड़ता है। अधिकतर लोग तो मार्केट के इन कैमिकल युक्त प्रोडक्ट्स के बजाय होममेड चीजों को ही इस्तेमाल करते हैं।

यदि आप भी घरेलू विधियों से अपना स्किन केयर करती हैं तो आज हम आपको ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी के द्वारा बताई गई दो चीजों के नाम बताने जा रहे हैं। जिनकी मदद से आप गर्मियों में टैनिंग की समस्या से बच सकती हैं। इन्हें आप घर से बाहर निकलने से पहले अपने फेस पर अप्लाई कर सकती हैं। आइये जानें इन दो चीजों के नाम जिससे आपकी स्किन ग्लोइंग होने के साथ कूल भी रहेगी।

### पपीता जेल

पपीता जेल फेस के लिए काफी अच्छी होती है। इसको आप यदि रोजाना चेहरे पर लगाती हैं तो यह आपकी त्वचा ग्लोइंग बनाने के साथ आपके फेस के दाग-धब्बे भी हटाने में मदद करती है। इसके साथ ही आप इसके इस्तेमाल सेटैनिंग की समस्या से भी बच सकती हैं। इसके लिए आपको पपीता जेल को लेकर उसमें थोड़ा गुलाब जल की बूंदें डालकर फेस पर अप्लाई करना है और उसके बाद घर से बाहर निकलना है।

### टी-ट्री ऑयल

यदि आप गर्मियों में फेस को टैन होने से प्रोटेक्ट करना चाहती हैं तो जब भी घर से बाहर निकलें तो हथेली और कुछ बूंदें टी-ट्री ऑयल की लेकर उसमें भी गुलाब जल या एलोवेरा जेल मिक्स करके अच्छे से मसाज करते हुए लगाएं। फिर अपने चेहरे पर अच्छी तरह लगाएं और उसके बाद घर से बाहर जाएं।


## समर सीजन में स्टाइलिश लुक के लिए वार्डरोब में शामिल करें कुछ खास ड्रेसेस





गर्मियों के मौसम में महिलाएं कंफर्टेबल रहने के लिए कुछ न्यू डिजाइन वाले आउटफिट की तलाश में रहती हैं। साथ ही, वो ये भी चाहती हैं कि वो जिस भी तरह का आउटफिट वियर करें उसमें वो स्टाइलिश नजर आए। वैसे तो आपको इस सीजन में पहनने के लिए कई तरह के आउटफिट के ऑप्शन मिल जाएंगे। लेकिन, अगर आप न्यू लुक चाहती हैं साथ ही ये भी चाहती हैं कि आप स्टाइलिश नजर आए तो आप ये बोहो ड्रेस स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के आउटफिट्स कूल साथ ही, स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं।

### कॉटन बोहो ड्रेस



समर सीजन में स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप इस तरह की बोहो ड्रेस स्टाइल करें। यह ड्रेस कॉटन फैब्रिक में है साथ ही, ये लॉन्ग और बेहद ही खूबसूरत डिजाइन में है। इस तरह की ड्रेस को ऑफिस या किसी फैमिली पार्टी में शामिल होने के दौरान भी वियर कर सकती हैंइस ड्रेस के साथ आप स्टाइलिश फ्लैट्स साथ ही, इयरिंग्स वियर कर सकती हैं।

### फ्लोरल बोहो ड्रेस

स्टाइलिश लुक के लिए आप इस तरह की फ्लोरल बोहो ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। फ्लोरल प्रिंट आउटफिट न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट है और इस तरह की ड्रेस न्यू लुक पाने के लिए भी बेस्ट है। इस ड्रेस में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत और स्टाइलिश नजर आएगा। इस ड्रेस को आप कहीं पार्टी में शामिल होने के दौरान वियर कर सकती हैं और यह ड्रेस को आपको 800 रुपये की कीमत में मिल सकती हैं। इस ड्रेस के साथ आप फ्लैट्स साथ ही लॉन्ग सिंपल इयरिंग्स स्टाइल कर सकती हैं।

समर सीजन में कूल लुक के लिए आप इस तरह की ड्रेस का भी चुनाव कर सकती हैं।

## गलत फुटवियर की वजह से एड़ियों की कोमलता हो गई है गायब, तो ये फुट केयर टिप्स करें फॉलो



फुटवियर आपके लुक को स्टाइलिश बनाने में मदद करता है। लेकिन, गलत फुटवियर का चुनाव करने से जहां आपके पैरो में दर्द की समस्या होती हैं तो वहीं इसकी वजह से एड़ियों की कोमलता भी गायब हो जाती है। दरअसल, गलत फुटवियर पहनने की वजह से आपकी एडियां सख्त और ड्राई हो जाती हैं और इसकी वजह से कई बार आपको शर्मिंदगी का शिकार होना पड़ता है।

### पैरों को करें इस तरह साफ

फुटवियर की वजह से पैरों की गायब हुई कोमलता को वापस पाने के लिए पैरों की सफाई करना जरूरी है। पैरों को सही तरह से सफाई करने के लिए जहां पैरों की साफ होंगे तो वहीं ड्राइनेस की समस्या भी कम होगी।

### इस तरह करें पैरों को साफ


एक टब या बाल्टी लें और इसमें गुनगुन पानी डालें। इसमें शैम्पू डालें और इसके बाद इसमें पैरों को भिगो लें। इसके बाद इन्हें अच्छी तरह से सुखाएं और उन्हें मॉइश्चराइजर करें।

**सोने से पहले करें ये काम :** पैरों को कोमल बनाए रखने के लिए आप इन्हें सोने के पहले मॉइश्चराइजर करें। मॉइस्चराइजर करने के लिए आप बेस्ट मॉइश्चराइजर का चुनाव करें। इसी के साथ आप नारियल/ऑलिव ऑयल का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं पैरों के ज्यादा ड्राई होने पर आप वैसलीन या ग्लिसरीन अप्लाई करें और इसके बाद मोज़े पहन लें।

### इस तरह करें पैरों कोमॉइश्चराइजर

रात को सोने पहले आप पैरों को धो लें। इन्हें अच्छी तरह से सुखाने के बाद आपमॉइश्चराइजर अप्लाई करें।

## ऑयली हेयर की समस्या को कम करने के लिए इन टिप्स को करें फॉलो



बाल खूबसूरत और सिल्की नजर आए इसके महिलाएं बहुत कुछ करती हैं। इसमें एक्सपर्ट के सुझाए गए कई सारे हेयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना तो वहीं, घरेलू नुस्खों का उपाय भी शामिल है। लेकिन, कई बार ऐसा होता है इन सभी चीजों का इस्तेमाल करने के बाद बालों से जुड़ी समस्या बनी रहती हैं और इसकी वजह ऑयली हेयर हो सकते हैं। वहीं अगर आप इस समस्या से छुटकारा पाना चाहती हैं तो आप इन टिप्स को फॉलो कर सकती हैं साथ ही, इन टिप्स को आप अपने हेयर केयर रूटीन में शामिल कर सकती हैं।

### बालों को न करें रोजाना वॉश

ऑयली हेयर से छुटकारा पाने के लिए कई महिलाएं बालों को बार-बार वॉश करती हैं लेकिन, ऐसा नहीं करना चाहिए। दरअसल, बालों को रोजाना वॉश करने से स्कैल्प से अधिक मात्रा में तेल उत्पन्न होता है और इस वजह से बालों से जुड़ी समस्या बढ़ सकती हैं। बालों को आप हफ्ते में 2 से 3 बार धोएं और इन्हें धोने के लिए हल्के गुनगुने का पानी का इस्तेमाल करें।

स्कैल्प पर न करें कंडीशनर का इस्तेमाल

ऑयली बालों की समस्या को कम करने के लिए सही शैंपू साथ ही, कंडीशनर का इस्तेमाल करें। दरअसल, स्कैल्प पर बालों के लिए होता है इसके लिए कंडीशनर का इस्तेमाल आप स्कैल्प न करें. कंडीशनर पर बालों के एंड्स पर लगाएं।

### बालों को इस तरह सुखाएं

बालों को धोने के बाद अगर आप इन्हें सुखाने के लिए हेयर ड्रायर का इस्तेमाल न करें। हेयर ड्रायर का इस्तेमाल करने से भी ऑयल प्रोडक्शन ज्यादा हो सकता है और इस वजह से बालों को नुकसान हो सकती हैं। बालों को नैचुरली हवा में ही सुखाएं।

## कार्नर न्यूज

### एक गलती बिगाड़ सकती है आपका पूरा लुक, रहें सावधान

## चाहिए 'मिस्टर हैंडसम' का टाइटल तो कपड़े पहनते समय ध्यान रखें इन बातों का, मिलेगी भरपूर तारीफ

शायद ही कोई ऐसा लड़का होगा, जो तैयार होते वक्त ये न सोचे कि आज तो उसे सब देखते रह जाएंगे और हर कोई उसकी तारीफ करेगा। लेकिन इसके बावजूद बहुत से लड़के तैयार होते वक्त कुछ ऐसी गलतियां कर देते हैं, कि उनका लुक बिगड़ जाता है। इसलिए लड़कियां अक्सर कह देती हैं कि लड़कों को फैशन सेंस नहीं होता।

यदि आप भी उन लोगों में से हैं, जिन्हें अपनी तारीफ कराना पसंद है तो आपको तैयार होते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। हैंडसम दिखने के लिए ये जरूरी नहीं है कि आप हमेशा महंगे और ब्रांडेड कपड़े ही पहनें। आप सस्ते कपड़ों में कुछ बातों का ध्यान रखकर हैंडसम दिख सकते हैं।

### फिटिंग हो सही

भले ही आज-कल कितना भी लूज फिटिंग के कपड़े पहनने का ट्रेंड है, लेकिन अगर आप मिस्टर हैंडसम का टाइटल जीतना चाहते हैं तो हमेशा सही फिटिंग के कपड़े ही पहनें। सही फिटिंग के कपड़े आपको स्टाइलिश दिखने में मदद करते हैं। बस ध्यान रखें कि इसकी फिटिंग ज्यादा टाइट भी न हो।





### साफ हों कपड़े

आपके कपड़े भले ही महंगे ब्रांड के न हों, लेकिन ये अच्छी तरह से साफ होने चाहिए। महंगे कपड़े भी अगर थोड़े से भी गंदे होंगे तो उनकी वैल्यू कम हो जाती है। इसलिए हमेशा अपने कपड़ों को अच्छी तरह से साफ करके ही इस्तेमाल करें।

### सही से प्रेस हों

कभी भी ऐसे कपड़े न पहनें, जो पूरी तरह से गुजले हुए हों। गुजले हुए कपड़े आपके लुक को बिगाड़ सकते हैं। हमेशा ऐसे कपड़े पहनें, जिसे आपने सही से प्रेस किया हो। गर्मियों में जो सूती कपड़े पहने जाते हैं, उन्हें हल्का सा पानी डालकर प्रेस करें, ताकि उनमें देर से सिलवटें पड़े।

### कपड़ों के हिसाब से हों जूते

फुटवियर का चयन हमेशा कपड़ों के हिसाब से ही करना चाहिए। कई बार लड़के कुर्ता पायजामा के साथ स्पोर्ट्स शूज पहनते है, जिसकी वजह से उनका एथनिक लुक खराब हो जाता है। इसलिए हमेशा अपने आउटफिट के हिसाब से ही फुटवियर का चयन करें।

### जगह और समय का रखें ध्यान

अगर आप जगह का ध्यान रखकर कपड़े नहीं पहनेंगे तो आपका लुक बिगड़ जाएगा। जैसे कि एथनिक वियर हर जगह नहीं पहना जा सकता। वहीं किसी शादी में आप शॉर्ट्स पहनकर नहीं जा सकते।

